तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 23.2 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



शनिचरी बाजार जाने वाली सड़क को बेरिकेड लगाकर रोका गया।

खबर संक्षेप

स्कूल पहुंचकर शिक्षक ने किया हंगामा

बिलासपुर। कोटा ब्लाक के प्राथमिक शाला विद्या मंदिर बहेरामुड़ा में पदस्थ शिक्षक सीएस राज पीके पेंद्रो शराब पीकर स्कूल



पहुंचे और जमकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि शिक्षक अपनी 10 माह से वेतन नहीं मिलने की समस्या को लेकर नाराज थे। स्कूल पहुंचे शिक्षक ने कहा कि अधिक से अधिक उन्हें स्कूल से बाहर किया जा सकता है, इसके अलावा उनका कुछ नहीं बिगाड़ा जा सकता। जिला शिक्षा विभाग ने इसी गंभीरता से लिया है और बीईओ को जांच करने कहा है।

ग्राम सभाओं में बाल विवाह के खात्मे का लिया प्रण

बिलासपुर। बाल विवाह के उन्मूलन के लिए जमीनी अभियान चलाया जा रहा है, समर्पित संस्थान द्वारा केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और पंचायती राज ने इसका स्वागत किया है। गांधी जयंती के अवसर पर देश भर में विशेष ग्राम सभाएं लगाई गई। संस्थान की पहल के बाद राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प लिया गया। यह कदम बाल विवाह को खत्म करने और संकल्प को गति देने का काम करेगा समर्पित जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन सालों से बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण का जिम्मा उठा रहा है।

मंगला चौक के साथ बाइपास के ठेले गुमटी भी हटाए जाएंगे

50 से अधिक कब्जे तोड़े जाएंगे, खसरा नंबर 1552 का तीसरी बार होगा सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महावीर नगर से उसलापुर फ्लाई ओवर ब्रिज तक बाई पास रोड बना है। निगम को बंदोबस्त में मिली खसरा नंबर 1552 की इस जमीन का तीसरी बार सीमांकन कराया जाएगा। राजस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम इसके लिए बनाई गई है। हालांकि सीमांकन की तिथि अभी तय नहीं की गई है।

स्थानीय निवासी नमिता ऋषि की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। कोर्ट ने तीन महीने में पूरी जमीन की नापजोख करते हुए हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करने कहा है। कोर्ट ने आसपास के जितने भी लोग इस खसरा नंबर के करीब हैं सभी को नोटिस जारी करते हुए मौके पर दस्तावेजों सहित उपलब्ध होने कहा है। इस आदेश के बाद निगम की ओर से राजस्व विभाग को पत्र लिखा गया है।

सड़क होगी और चौड़ी



राजस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम बनाई गई, जल्द तय होगी तारीख

हाईकोर्ट ने निगम के व्यवस्थाधीन खसरा नंबर 1552 की जमीन पर बेजा कब्जा हटाने के साथ ही फिर से सीमांकन कराने के आदेश दिया है। दरअसल मिनोचा कालोनी निवासी नमिता ऋषि की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया कि उन्होंने रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी गई जमीन पर अपना मकान और बाउंड्रीवाल बनाया है। निगम ने लेकिन इसे अपनी जमीन बताया और गलत सीमांकन के आधार पर बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। साथ ही दूसरी तोड़फोड़ की गई।

50 से अधिक लोगों को देना होगा नोटिस

अधिकारियों के मुताबिक 50 से अधिक लोगों को इस सड़क पर सीमांकन के लिए नोटिस देना होगा। जिसकी प्रक्रिया जारी है। साफ है सीमांकन में कब्जा पाया गया तो इसे तोड़ा भी जाएगा। इसके साथ ही सड़क पर चल रही चौपाटी पर भी निगम कार्रवाई की बात कह रहा है। इसके साथ ही मंगला चौक से उसलापुर चौक और बाइपास सड़क में जो ठेले गुमटी लगीं हैं उन्हें भी हटाया जाएगा।

गौरतलब है कि पिछली सीमांकन की रिपोर्ट में 25 लोगों का कब्जा पाया गया था। इसमें खसरा नंबर 1552 की भूमि पर 900 मीटर लंबी, 75 फुट चौड़ी सड़क बनाई गई है। इसके मार्ग में पाटीदार भवन की बाउंड्री आई थी जिसे हटाया गया। इसके साथ ही इंडियन आयल का पेट्रोल पंप भी शामिल है। बेजाकब्जाधारियों ने बाउंड्री, उद्यान तथा कमरे आदि का निर्माण कर लिया था। इसके साथ ही कुछ दूसरे लोगों के कब्जे हटाते हुए 12 करोड़ में यह सड़क बनाई गई थी।

11 मीटर तक जमीन निगम ने ले ली

याचिका में कहा गया कि निगम ने इस सड़क को स्मार्ट सड़क बताते हुए जो सड़क और ड्रेनेज सिस्टम बनाया है वह जमीन नमिता ऋषि के नाम पर है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट फौजिया मिर्जा ने पैरवी करते हुए कहा कि इससे पहले हुए सीमांकन में शासन की ओर से जमीन याचिकाकर्ता की बताई गई थी। बाद में लेकिन दुबारा सीमांकन करते हुए 11 मीटर अंदर तक की जमीन निगम ने अपने कब्जे में ले ली। निगम ने दूसरी ओर सड़क और नाली निर्माण को सही बताया और याचिका खारिज करने की मांग। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद प्रशासन को आदेश दिया है कि खसरा नंबर 1552 की इस जमीन का फिर से सीमांकन कराया जाए। इसमें यह देखा जाएगा कि क्या याचिकाकर्ता की जमीन वास्तव में कब्जे में आ रही है।

कराया जाएगा सीमांकन

खसरा नंबर 1552 की जमीन का हाईकोर्ट के आदेश पर फिर से सीमांकन कराया जाएगा। राजस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम इसके लिए बनाई गई है।जल्द ही सीमांकन की तिथि तय होगी। कोर्ट ने आसपास के जितने भी लोग इस खसरा नंबर के करीब हैं सभी को नोटिस जारी करते हुए मौके पर दस्तावेजों सहित उपलब्ध होने कहा है।

- प्रकाश कुमार सर्वे
आयुक्त, नगर निगम

नहीं पहुंचा वाहन, चैली में ढाई किमी पैदल ले जाना पड़ा शव



भरनी परसदा का मामला

बिलासपुर। शव को पीएम के लिए अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिजनों को वाहन नहीं मिल सका, जिसके बाद बांस की चैली बनाकर परिजन ढाई किमी तक मुख्य सड़क तक पहुंचे और आटो में शव रख सिम्स लाया गया। जिससे स्वास्थ्य विभाग के व्यवस्थाओं की पोल खुल गई है। मामला सकरी थाना क्षेत्र के भरनी परसदा का है। जहां रहने वाले रमेश कुमार केंवट पिता चैतू केंवट 42 साल ने बीती रात पेड़ पर रस्सी लगातार खुदकुशी कर ली। सुबह परिजनों को इसकी भनक लगी, जिसके बाद शव को उतारा गया और पुलिस को सूचना दी गई। इस दौरान परिजनों ने एम्बुलेंस को कॉल किया, लेकिन करीब 4 घंटे बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी। जिसके बाद परिजनों ने बांस की चैली बनाई और उसे पैदल ही ढाई किमी तक लेकर गए। मुख्य सड़क पर शव रखकर आटो का इंतजार किया, जिसके बाद परिजन सिम्स अस्पताल पहुंचे। दुर्गेश कुमार केंवट ने बताया कि एम्बुलेंस का इंतजार किया गया लेकिन जब वाहन नहीं पहुंचा तो कांधे में उठाकर चैली के सहारे शव को लाया गया है।

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर

मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों से जुड़ी बीमारियों की सम्पूर्ण देखभाल

ब्रेन संबंधी रोग
• सिरदर्द एवं माइग्रेन • लकवा (स्ट्रोक) एवं ब्रेन हैमरेज • ब्रेन ट्यूमर • मिर्गी (एपिलेप्सी)
• पार्किंसन रोग • अल्जाइमर एवं याददाश्त की कमी • सिर की चोट या ट्रॉमा के लिए सर्जरी

नसों एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएँ
• नसों की कमजोरी • झनझनाहट एवं सुन्नपन • नस दबने की समस्या
• हाथ-पैरों में कंपन (Tremors) • चेहरे की नस का दर्द (ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया)

स्पाइन एवं कमर संबंधी समस्याएँ:
• कमर एवं गर्दन का दर्द • सायटिका (Sciatica) • स्पॉन्डिलाइटिस • स्पाईन सर्जरी
• डिस्क स्लिप • स्पाइनल कॉर्ड की बीमारियाँ • ब्रेन एवं स्पाइन की चोटों का उपचार

आधुनिक सुविधाएँ:
• अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरोसर्जन • सटीक जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श
• पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर • मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों के रोगों की सम्पूर्ण देखभाल • EEG • EMG • NCV जाँच की सुविधा

ESI इंश्योरेंस द्वारा इलाज सम्भव

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No:
07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS



हरिभूमि & inh 24x7
समाचार ही नहीं, विचार भी
बढ़ते भारत की आवाज़
Presents

जिला संवाद 2026

सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्रीमती पद्मिनी भोई साहू
कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़



श्री सुनील शर्मा जी
पुलिस अधीक्षक
सारंगढ़-बिलाईगढ़



रतन शर्मा
जिलाध्यक्ष कैट
सारंगढ़-बिलाईगढ़



डॉ. आनंद प्रधान
प्रधान हॉस्पिटल दानसरा
सारंगढ़



मुकेश अग्रवाल
जिलाध्यक्ष
राइस मिल एसोसिएशन
सारंगढ़-बिलाईगढ़



संगीत सिंह ठाकुर
जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़
चेंबर ऑफ कामर्स
इंड्रस्टीज सारंगढ़-बिलाईगढ़



सतीश यादव
अध्यक्ष सेवा भारती
एवं समाजसेवी

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में
कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों एवं समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन एक मंच पर



मान. टंकराम वर्मा
राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री
प्रभारी मंत्री, जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़



डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच



मान. गजेन्द्र यादव
शिक्षा मंत्री छ.ग. शासन

दिनांक : 4 अक्टूबर 2026, रविवार, समय : 3 बजे

कार्यक्रम स्थल : शुक्ला मैरिज पैलेस, बरमकेला रोड, सारंगढ़

इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकास को सुनिश्चित करेगी।

MP: TATA PLAY 1155 | airtel digital TV 366 | hathway 229 | DEN 350 | ACN 172 | DEN 367 | SIT CHANNELS 359 | RCN 236 | RAJA CABLE 253 | ACN 227 | inh 24x7 | जनता TV
CG: TATA PLAY 1155 | airtel digital TV 366 | hathway 222 | DG 367 | 347 | Grand NEWS 345 | SIT CHANNELS 314 | BCC 326 | NST 1150 | VANDE MATRAM NETWORK 397 | 478 | NEXT DIGITAL 812

एवं सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

खबर संक्षेप

आज से प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

तखतपुर। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 4 से 12 अक्टूबर तक संतोष पटेल निवासी भथरी में किया गया है। जिसमें कथा वाचक पं शुभम दुबे है। पूजन आचार्य पं विकास शर्मा और परायणकर्ता मुकेश दुबे है।

आज होगा अंडर-14 व 16 एथलेटिक्स का ट्रायल

लोरमी। जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय बालक-बालिका अंडर-14 एवं अंडर-16 एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर को हाई स्कूल ग्राउंड में प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता में जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन के माध्यम से भाग ले सकेंगे। अंडर-14 वर्ग में ट्रायथलॉन-ए, ट्रायथलॉन-बी, ट्रायथलॉन-सी एवं किड्स जेवलिन थ्रो की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। वहीं अंडर-16 वर्ग में 60 मीटर, 80 मीटर हर्डल्स, 600 मीटर, हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो एवं पेंटाथलॉन जैसी स्पर्धाएं होंगी। जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ियों को 20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

पितृपक्ष पर आज मनेगी मातृ नवमीं

मुंगेली। पितृपक्ष के बीच रविवार 4 अक्टूबर को मातृ नवमी मनाई जाएगी। पितृपक्ष की नवमी तिथि को मातृ नवमी के रूप में विशेष महत्व दिया जाता है। इस दिन दिवंगत माताओं के साथ परिवार की दिवंगत महिला पूर्वजों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण एवं पिंडदान करने की परंपरा है। मातृ नवमी को लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु अपने घरों में श्राद्ध कर्म की तैयारियों में जुटे हैं। परिवार के सदस्य विधि-विधान से पूर्वजों का स्मरण कर उन्हें जल अर्पित करेंगे तथा उनकी आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। कई परिवारों में ब्राह्मण भोज के साथ जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और अन्य सामग्री दान करने की भी परंपरा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मातृ नवमी विशेष रूप से उन माताओं, दादी-नानी तथा अन्य महिला पूर्वजों के स्मरण का अवसर है, जिनका निधन हो चुका है। हालांकि जिन पितरों की मृत्यु नवमी तिथि को हुई हो, उनका श्राद्ध भी इस दिन किया जाता है। पंचांग के अनुसार 4 अक्टूबर को नवमी तिथि रहेगी। श्राद्ध कर्म के लिए अपराह्न काल को महत्वपूर्ण माना गया है। इसके बाद पितृपक्ष क्रमशः दशमी, एकादशी सहित आगे बढ़ते हुए 10 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या के साथ संपन्न होगा।

23 बच्चों को दिया गया जाति प्रमाण-पत्र

कटरा शिविर में मिला योजनाओं का लाभ

भरींडांड़। सेवा सेतु अभियान के तहत 'सरकार आपके द्वार' की परिकल्पना मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत कटरा में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में साकार होती दिखाई दिया। शिविर की खास उपलब्धि रही कि राजस्व एवं स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से प्राथमिक विद्यालय के 23 बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

वहीं, महज 17 दिन के शिशु का जाति प्रमाण पत्र तैयार किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। स्वामित्व योजना के तहत 8 हितग्राहियों को आबादी पट्टा प्रदान किया गया। इसी तरह आकाशी बिजली से दम्पत्ति की मृत्यू होने पर आरबीसी 6-4 के तहत मृतकों के पुत्र को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने जरूरतमंदों को मौके पर सहायता उपलब्ध कराते हुए 5 हितग्राहियों को चश्मा, 5 को छड़ी और 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। श्रम विभाग द्वारा 3 श्रमिकों को पंजीयन कार्ड दिए गए।



विधायक प्रणव कुमार मरपची के मुख्य आतिथ्य में आयोजित शिविर से कटरा सहित आसपास की 14 ग्राम पंचायतों-कटरा, बेलझिरिया, उषाड़, धुम्माटोला, बरौर, टिकठी, बगरार, तेंदूमूड़ा, कछार, चनाडोंगरी, चंगेरी, परासी, धनौरा एवं मनौरा के ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिला। शिविर में विधायक मरपची ने कहा कि सेवा संकल्प के तहत आयोजित यह शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी है। कलेक्टर विजय दयाराम के ने अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों में विभागीय प्रक्रिया आवश्यक है, उनका नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही आवेदकों को उनके आवेदन की अद्यतन स्थिति और की गई कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिविर में 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और 5 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। शिविर में प्रभारी अपर कलेक्टर आकांक्षा पांण्डेय, एसडीएम मरवाही निकिता मरकाम, जिला पंचायत सदस्य बूंद कुवर मास्को सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्यनागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

शिविर में स्वास्थ्य जांच, आवास योजना श्रम कार्ड के 269 मामलों का निपटारा

बिल्हा। नगर पंचायत में 'सेवा ही संकल्प' के तहत सेवा सेतु अभियान–सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शनिवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक वार्ड क्रमांक 05 स्थित स्थानीय सांस्कृतिक भवन बिल्हा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक धरमलाल कौशिक की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नगर पंचायत बिल्हा अध्यक्ष वंदना जेण्ड्रे, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, सभापति मोहन ढोरिया, न.पं. बिल्हा के पार्षदगण, नगर के जनप्रतिनिधियों, नगर पंचायत के सीएमओ अनीष सिंह ठाकुर, उपभियंता उमाशंकर सिंह एवं समस्त कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ अन्य विभाग जैसे श्रम विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, परियोजना एवं बाल विकास, राजस्व विभाग, कृषि विभाग इत्यादि के कर्मचारी के सहभागिता में आयोजन संपन्न हुआ।





कलेक्टर ने गोदामों का किया निरीक्षण अमानक चावल वापस भेजने के निर्देश

भरींडांड़। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने शनिवार को नागरिक आपूर्ति निगम के मरवाही स्थित चावल गोदामों का निरीक्षण कर चावल के भंडारण, गुणवत्ता एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गोदामों में निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप चावल ही स्वीकार किया जाए तथा अमानक पाए जाने वाले चावल को संबंधित मिलर्स को वापस भेजने की कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गोदामों में उपलब्ध चावल के स्टॉक एवं भंडारण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने मिलर्स द्वारा जमा किए जा रहे चावल के लॉट की लोडिंग-अनलोडिंग प्रक्रिया के साथ ही पीडीएस दुकानों को चावल की आपूर्ति की स्थिति और वितरण व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकेश रावटे तथा नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक धनंजय मदनकर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

शुक्ला को सौंपा गया पेंशन प्रकरण



लोरमी। लोक निर्माण विभाग संभाग मुंगेली द्वारा सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन प्रकरण एवं संबंधित दस्तावेज सौंपकर कार्यकुशलता और संवेदनशील प्रशासन का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

लोक निर्माण विभाग संभाग मुंगेली के लोर मी में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लोरमी प्रवीण कुमार शुक्ला एवं संभागीय कार्यालय में पदस्थ मानचित्रकार खम्हन सिंह मरकाम अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए। विभाग द्वारा दोनों सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी के पेंशन प्रकरण तैयार कर सेवानिवृत्ति के दिन ही सौंपे गए। कार्यपालन अभियंता शरद कुमार सतपथी के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा पेंशन प्रकरणों के समय पर निराकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। विदाई समारोह में प्रवीण कुमार शुक्ला एवं खम्हन सिंह मरकाम के परिवारजन, इष्टमित्र तथा लोक निर्माण विभाग संभाग मुंगेली के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बिलासपुर के मुख्य अभियंता आर.के. रात्रे द्वारा भी विभाग की इस पहल की सराहना की गई। लोक निर्माण विभाग संभाग मुंगेली ने विकास कार्यों के साथ कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देते हुए सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन प्रकरण सौंपने की कार्यप्रणाली के माध्यम से प्रशासनिक तत्परता एवं संवेदनशीलता का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

गांधी जयंती पर गांव में चला स्वच्छता अभियान

लोरमी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल डिंडोरी द्वारा ग्राम साल्हेघोरी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विनय साहू ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के साथ मिलकर हाई स्कूल मैदान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साल्हेघोरी के प्रांगण में श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की तथा एकत्रित कचरे को हटाया। उन्होंने स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ते हुए कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। जिला पंचायत सदस्य अनिता कोमल साहू ने कहा महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को विशेष महत्व दिया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री विनय साहू, जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, अन्नपूर्णा साहू, जन्मेजय जायसवाल, कुलेश्वर साहू, संतोष शर्मा, अशोक साहू, सुनयना साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष रघुवीर साहू, उपाध्यक्ष दीनू पटेल, उत्तम लोनिया, योगेश साहू, पप्पू ध्रुव, देवराज यादव, सूरज जायसवाल, चंद्र कुमार साहू, अश्विनी साहू, मनोज पांडे, अनिल सेन, जेठू साहू, बलीराम साहू, मनोज यादव, हीरा बाई साहू, सुनीता साहू, दुखा सेन, पुष्कर साहू, बलराम साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



सेवा संकल्प पर स्वच्छता अभियान



लोरमी। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' घटक के तीसरे दिन, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर 02 अक्टूबर को शुभ पेट्रोल पंप से गांधी प्रतिमा (चार खम्भा चौक) तक जन-सहभागिता के साथ वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तीसरे दिन राम कथा समिति, अधिवक्ता संघ, साहित्य मंच, हार्डवेयर इलेक्ट्रॉनिक व्यावसायिक संघ एवं नवलखा चौक गणेश उत्सव समिति की प्रमुख व सराहनीय सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. अशोक जायसवाल, वार्ड पार्षद राजेन्द्र सलूजा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, पार्षद सोहन डड़सेना, एल्डरमैन अमिताभ तिवारी, मिंटू अग्रवाल, विनोद राजपूत, अशोक साहू, पार्षद प्रतिनिधि छेदू यादव, धनीराम यादव, महाजन जायसवाल, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के कमलेश श्रीवास, मोटू गुप्ता, जगदीश सोनी, संस्कार साहू, अधिवक्ता संजय त्रिपाठी, रवि शर्मा, नितेश पाठक, अर्जुन राजपूत, निरंजन अग्रवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी चंदन शर्मा, इंजीनियर जयंत साहू सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

श्रीराम CARE हॉस्पिटल
नेहरू नगर, बिलासपुर 07752-455566, 9098100747
पूर्ण NABH पंजीकृत अस्पताल
45 Super Deluxe Room | 60 Bedded ICU / Neonatal Advanced NICU | 10 Bedded State of Art Dialysis | NCV/EEG/EMG Study
24x7 आयुष्मान कार्ड, ESIS एवं ESIC से निःशुल्क इलाज
हार्ट अटैक में एंजयोप्लास्टी एवं पेसमेकर लगाने की सुविधा
डॉ. रूपेश श्रीवास्तव डीएनबी कार्डियोलॉजी
लकवा, पैरालिसिस एवं ब्रेन स्ट्रोक विभाग: डॉ. नीलम साहू पुरी डीआरएनबी न्यूरोलॉजी; डॉ. एमेन्द्र वाहने डीएनबी, न्यूरो सर्जरी
कैंसर एवं कीमोथेरेपी विभाग: डॉ. सी. रहालकर, डॉ. ऋचा अग्रवाल
यूरोलॉजी विभाग: डॉ. शौभिक चंद्रा एमसीएच यूरोलॉजी
डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन एंड क्रिटिकल केयर: डॉ. निताशा सोनी एमडी मेडिसिन (डॉयरेक्टर); डॉ. निशांक कश्यप डीएनबी फैमिली मेडिसिन
लिवर एवं गैस्ट्रो विभाग: एन्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी / ईआरसीपी की सुविधा — डॉ. प्रतीक छाबड़ा डीआरएनबी (गैस्ट्रोइन्टेरोलॉजी)
अस्थि रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट: डॉ. शान्तनु गुप्ता एमएस आर्थोपैडिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ
रेडियो डाईग्नोसिस: डॉ. नितिन टहलियानी डीएनबी, रैडियो डाईग्नोसिस
डॉ. अमित सोनी डीएनबी (सर्जरी) लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. प्रतीक अग्रवाल डीएनबी (ईएनटी) एन्डोस्कोपिक सर्जन
डॉ. सुमीत्रा ओटवानी डीजीओ, गायनेकोलॉजी स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक कौशिक एमडी (एनेस्थेसिया) कीटिकल केयर स्पेशलिस्ट
डॉ. अभिषेक शर्मा एमडीएस डेंटल डेंटल केयर स्पेशलिस्ट
डॉ. अनुराग कुमार एमसीएच पिडियाट्रिक सर्जरी
डॉ. शशांक सिंह डिप्लोमा पिडियाट्रिक्स
डॉ. श्रेया बोस चंद्रा एमडी (पैयोलाजी) पैथोलाजीस्ट
24x7 इमर्जेंसी | 60 बिस्तरों का आईसीयू | माडयूलर ऑपरेशन थियेटर | 32 स्लाईस सिटी स्कैन | एडवांस्ड कैथ लेब | कैंसर सर्जरी
Central and State Govt. से अनुबंधित अस्पताल : Coal India (SECL, NCL, WCL), SECR, FCI, GGU, SBI, CSEB, IRCON, ESIC/ESIS, GIC इंश्योरेंस एवं TPA से कैशलेस इलाज की सुविधा

हरिभूमि

बिलासपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

कल से तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ श्याम मंदिर में

बिलासपुर। भगवान जगद्गुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्यजी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 4, 5 एवं 6 अक्टूबर को किया जा रहा है। सारगर्भित भक्तिमय एवं ज्ञानयुक्त यह कथा श्री खाटू श्याम मंदिर, घोंचा बाबा मंदिर परिसर, गोलबाजार में आयोजित होगी। कथा के प्रथम दिवस 4 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से भव्य शोभायात्रा, चरणपादुका एवं ग्रंथ स्थापना पूजन तथा आरती, प्रसादी वितरण, कथामृत श्रवण एवं दिव्य रासलीला सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 5 अक्टूबर को चरणपादुका एवं ग्रंथ पूजन, आरती, कथामृत एवं दिव्य रासलीला का आयोजन होगा। 6 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से नाणीजधाम तीर्थक्षेत्र दर्शन, उपासना विधि मार्गदर्शन, चरणपादुका एवं ग्रंथ पूजन, भगवान श्री द्वारा उपासना विधि उपदेश, कथामृत एवं दिव्य रासलीला के पश्चात कथा समापन एवं महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। तीनों दिवस श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। आयोजकों ने बताया कि कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, आध्यात्मिक ज्ञान एवं सद्मार्ग का लाभ प्राप्त होगा। इस पावन आयोजन में रामानंद संप्रदाय छत्तीसगढ़ के उपपीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, पीठ सदस्य सच्चिदानंद एवं समस्त रामानंद संप्रदाय के भक्तों ने श्रद्धालुओं से सहपरिवार कथा का लाभ लेने तथा अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



उपलब्धि

प्रशंसा ने देश के शीर्ष नेताओं से की मुलाकात, प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ की होनहार प्रतिभा प्रशंसा पांडे ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर राज्य को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रीय मंच पर उन्होंने छत्तीसगढ़ की सशक्त युवा आवाज़ की पहचान बनाई। इस विशेष अवसर पर प्रशंसा पांडे ने देश के कई शीर्ष नेताओं से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट कर विभिन्न विषयों पर संवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की।



कार्यक्रम

शास्त्रीय गायन, अभिनय में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



बिलासपुर। सरस्वती शिशु मंदिर नगोई में जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव सरस्वती शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इसमें जिले भर से आए बच्चों ने व्यक्तिगत गीत, चित्रकला, निबंध, भजन, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, एकल अभिनय, प्रश्न मंच में अपनी प्रतिभा दिखाई। उदघाटन सत्र में मुख्य अभ्यागत डॉ रजनीश पाण्डेय संचालक प्रथम हॉस्पिटल बिलासपुर थे। अध्यक्षता सुचिता सत्येंद्र गढ़ेवाल सरपंच नगोई ने की। मुख्य अतिथि ने सभी को शुभकामनाएं दी। सम्मान एवं समापन कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत डॉ के.के. भंडारी सेवानिवृत प्राचार्य शा. शबरी कन्या महाविद्यालय थे। अध्यक्षता प्रतिभा शास्त्री बैमा ने की। अनूप कुमार पाण्डेय व्यवस्थापक सशिमं नगोई ने कहा कि नियमित पढ़ाई करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है प्रतियोगिता को सफल बनाने में दीनदयाल यादव, राकेश कुम्भज, कुलेश्वरी देवांगन, योगेश शर्मा एवं आचार्य दीदी का सहयोग रहा।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

शारदीय नवरात्र पर्व नजदीक आते ही शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। दुर्गा पूजा समितियों के पंडालों में मां दुर्गा की स्थापना को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो चुका है। वहीं दूसरी ओर मूर्तिकार भी मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकारों सुबह से देर रात तक काम चल रहा है। कोई प्रतिमाओं को आकर्षक रंगों से सजा रहा है तो कोई मां के आभूषण, वस्त्र और मुकुट को अंतिम रूप देने में लगे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मूर्तिकार शलज कश्यप ने बताया कि महंगाई बढ़ने से मूर्तियों के दाम बढ़े हैं। रंग और अन्य साजो-सामान महंगे होने से एक मूर्ति की लागत एक हजार से दो हजार रुपये तक बढ़ गई है। मूर्तियों को मिट्टी से आकार देने के बाद अब उन पर सुंदर रंग, आकर्षक आभूषण और बारीक नक्काशी का काम तेजी से किया जा रहा है।

मूर्तिकार ने बताया कि एक प्रतिमा को तैयार करने में महीनों की मेहनत लगती है, जिसमें ढांचा बनाने से लेकर रंग भरने तक का काम शामिल है। शारदीय नवरात्र जैसे-जैसे नजदीक आ रहा हैं, वैसे ही दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेज हो गया है। उनके हाथ अब मिट्टी से बने ढांचों में रंग और श्रृंगार भरकर उन्हें जीवंत रूप दे रहे हैं।

नवरात्र पर्व को लेकर बढ़ा उत्साह, कहीं पारंपरिक तो कहीं आकर्षक स्वरूप में तैयार हो रहीं प्रतिमाएं, दिन-रात चल रहा काम



बारीकी से गढ़ रहे मां का स्वरूप

मूर्तिकार प्रतिमाओं को आकर्षक बनाने के लिए हर छोटी-बड़ी बारीकी पर मेहनत कर रहे हैं। मिट्टी से तैयार प्रतिमाओं को सूखने के बाद रंगों से सजाया जा रहा है। इसके बाद मां के चेहरे पर भाव उकेरने, मुकुट लगाने, वस्त्र पहनाने और आभूषणों से श्रृंगार करने का काम किया जा रहा है। मां दुर्गा के साथ भगवान गणेश, कार्तिकेय, माता लक्ष्मी और सरस्वती की प्रतिमाओं को भी सजाया जा रहा है। मूर्तिकारों का प्रयास है कि समय पर सभी प्रतिमाएं तैयार कर समितियों को सौंप दी जाएं।

कई रूपों में प्रतिमा को दे रहे आकार

मूर्तिकार ने बताया कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में मूर्तिकारों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। इस बार भी श्रद्धालुओं की पसंद और दुर्गा समितियों की मांग के अनुरूप अलग-अलग आकार और स्वरूप की प्रतिमाएं बनाई गई हैं। कहीं मां दुर्गा पारंपरिक स्वरूप में नजर आएंगी तो कहीं उन्हें आकर्षक व भव्य रूप दिया जा रहा है। प्रतिमाओं में रंगों के चयन से लेकर चेहरे की भाव-भंगिमा, आंखों की बनावट और आभूषणों की सजावट तक का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

पंडालों में भी शुरू हुई सजावट

इधर, शहर की दुर्गा पूजा समितियां भी नवरात्र की तैयारियों में जुट गई हैं। पूजा पंडालों को आकर्षक स्वरूप देने के लिए सजावट और विद्युत व्यवस्था की जा रही है। इस बार कई समितियां विशेष थीम पर पंडाल तैयार करा रही हैं। नवरात्र के दौरान भव्य पूजा-अर्चना, जसगीत, जगराता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी तैयारी है। प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिए जाने के साथ ही शहर में नवरात्र का माहौल बनने लगा है। श्रद्धालु भी मां दुर्गा के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



वास्तुकला के डिजाइन फिलॉसफी की दी गई जानकारी

बिलासपुर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स बिलासपुर सेंटर ने शनिवार 3 अक्टूबर को विश्व वास्तुकला दिवस के अवसर पर विशेष समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि आर्किटेक्ट स्वप्निल वटवलकर बेंगलुरु ने अपने डिजाइन कार्यों की प्रस्तुति देते हुए वास्तुकला के प्रति अपनी डिजाइन फिलॉसफी और विचार साझा किए।

बिलासपुर सेंटर की वर्ष 2026-2028 की नई कार्यकारिणी ने कार्यभार संभाला। आर्किटेक्ट अंचित भंडारी ने आर्किटेक्ट नीना असीम से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ली। नई कार्यकारिणी में आर्किटेक्ट मोहनिश आनंद साहू को सचिव, आर्किटेक्ट सुमित अग्रवाल को उपाध्यक्ष तथा आर्किटेक्ट जय जेठमलानी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में आर्किटेक्ट अंजली अग्रवाल, अखिलेंद्र जैन, सोमेश वर्मा एवं आर्किटेक्ट विपुल देशपांडे शामिल है। वहीं आर्किटेक्ट एस.के. शुक्ला, अनिल मुंडले को एसोसिएशन के मेंटर के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए 250 से अधिक आर्किटेक्ट्स एवं डिजाइन प्रोफेशनल्स ने सहभागिता की। हर वर्ष अक्टूबर के प्रथम सोमवार को मनाए जाने वाले विश्व वास्तुकला दिवस की इस वर्ष की थीम हाऊसिंग इज ए ह्युमन राईट बिल्ड इट रही। जिसमें सभी के लिए सुलभ आवास की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया।

■ विश्व वास्तुकला दिवस पर समारोह

इनका हुआ सम्मान

समारोह के दौरान आईआईए बिलासपुर सेंटर के वार्षिक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। शहर में वर्षों से किए जा रहे उल्लेखनीय वास्तु एवं डिजाइन योगदान के लिए आर्किटेक्ट निर्मल अग्रवाल को लाइफ टाइम अचीवमेंट एवार्ड एवं एसोसिएशन को निरंतर सहयोग के लिए आर्किटेक्ट देबाशीष घटक को पिलर ऑफ सपोर्ट एवार्ड प्रदान किया गया।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में आर्किटेक्ट सौरभ राहतगांवकर, राज प्रजापति, विवेक, श्रवण, मयंक, मुर्तुजा, अर्पित, दीपेश, कुमार, आकाश, आर्किटेक्ट मानस सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर हाऊजी से मनोरंजन

अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति का आयोजन

बिलासपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर हाऊजी से हुआ अग्रसेन भवन में शनिवार को ब्लॉक बस्टर हाऊजी का गेम खेला गया। म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर हाऊजी गेम ने प्रतिभागियों को खूब उत्साहित किया। अग्रवाल नवयुवक समिति और अग्रवाल महिला समिति की ओर से महाराजा अग्रसेन जयंती पर 15 दिनों का जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमे महिला, पुरुष और बच्चो के लिए विविध मनोरंजक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में संगीत और हाऊजी के अनोखे मेल से सजे इस गेम में प्रतिभागियों ने गीतों की धुन और गानों से जुड़े संकेतों के आधार पर अपनी हाऊजी टिकट पर सही जवाब तलाशे। जैसे ही कोई लोकप्रिय गीत बजता, प्रतिभागियों में उसे पहचानकर अपनी टिकट पर संबंधित नंबर या विकल्प तलाशने की होड़ लग जाती। कार्यक्रम के दौरान पुराने सदाबहार गीतों से लेकर नए फिल्मी गानों तक की धुनें सुनाई गईं। गीत की पहचान के साथ हाऊजी के नंबर मिलाने का रोमांच प्रतिभागियों के लिए खास आकर्षण रहा। प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हाऊजी का दावा किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रवाल सभा अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, सचिव सुनील सोंथलिया, जयंती समारोह अध्यक्ष भोलाराम मिलल, सचिव नितिन बेरीवाल, नवयुवक समिति के चंचल अग्रवाल, विवेक मित्तल, अमित लोहिया, सूर्यकांत जाजोदिया, अभिषेक सोंथलिया अमेष बुधिया, नवीन जाजोदिया, रूपक जाजोदिया, कमलेश निशानिया, विनीत मित्तल, चंदन अग्रवाल सहित अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष विनीता केजरीवाल,सचिव प्रियंका अग्रवाल, उपाध्यक्ष मधु बागड़िया, वंदना जाजोदिया, सीमा अग्रवाल, सोनल अग्रवाल का योगदान रहा।



रोजमर्रा की व्यस्तता से अलग कुछ समय मनोरंजन और संगीत

गेम में अलग-अलग राउंड रखे गए, जिससे हर राउंड के साथ उत्सुकता बढ़ती गई। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य प्रतिभागियों ने भी तालियों और संगीत के साथ माहौल को खुशनुमा बनाए रखा। आयोजकों ने बताया कि म्यूजिकल हाऊजी का उद्देश्य लोगों को रोजमर्रा की व्यस्तता से अलग कुछ समय मनोरंजन और संगीत के साथ बिताने का अवसर देना था। कार्यक्रम मका सभी ने जलकर लुत्फ उठाया।

संस्कृत के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक



बिलासपुर प्रेस क्लब में संवाद कार्यक्रम आयोजित

बिलासपुर। संस्कृत विद्यालयों की स्थिति, विद्यार्थियों के भविष्य और संस्कृत को आधुनिक शिक्षा व रोजगार से जोड़ने बिलासपुर प्रेस क्लब में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें स्वामी परमात्मानंद ने संस्कृत के संरक्षण, संवर्धन और विद्यार्थियों के भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। विदुषि पुष्पा दीक्षित ने भी अपने विचार रखे। स्वामी परमात्मानंद ने कहा कि संस्कृत बोर्ड में ऐसे अधिकारी होने चाहिए, जो संस्कृत भाषा और उसकी शिक्षा व्यवस्था को अच्छी तरह समझते हों। प्रदेश में प्राचीन संस्कृत परंपरा को संरक्षित करने वाले अनेक संस्कृत विद्यालय संचालित है। इन विद्यालयों के लिए सरकार से अनुदान मिलना चाहिए। शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों के लिए भी आवश्यक सहयोग की व्यवस्था होनी चाहिए। संस्कृत को अनिवार्य करने के बजाय ऐसी व्यवस्था बने कि विद्यार्थी स्वयं चुनें। ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करने की जरूरत है, जिससे विद्यार्थी स्वाभाविक रूप से संस्कृत को अपने अध्ययन का हिस्सा बनाए और समाज में इसकी स्वीकार्यता बढ़े।

भारत स्काउट्स व गाइड्स का शिविर पचमढ़ी में कल से

बिलासपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव ब्रजेश बाजपेयी के दिशानिर्देशन में राज्य मुख्यालय रायपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में 5 से 9 अक्टूबर तक किया जा रहा है। शिविर में बिलासपुर जिले के 40 स्काउट-गाइड, रोवर्स-रेंजर्स एवं प्रभारी शामिल होंगे। प्रतिभागियों के प्रस्थान से पूर्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र नगर, बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर रविश गुप्ता, राजेन्द्र कुमार साहू, संदीप पाण्डेय, आरती राय, भूपेंद्र शर्मा ने प्रतिभागियों को एडवेंचर किट बैग, ट्रैक सूट, एवं आईडी कार्ड प्रदान कर शिविर में सफल सहभागिता के लिए



स्पोर्ट्स न्यूज

क्रिकेट संघ अंडर-14 की संभावित टीम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार क्रिकेट संघ बिलासपुर के तत्वावधान में आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल में अंडर 14 टीम का ट्रायल लिया गया। इसके चयनकर्ता एस जावेद, आकाश सिंह, प्रवीण कुमार, अभिनव शर्मा, शिवेन्द्र सिंह, नावेद अली, आब्जर्वर के रूप में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से जितेंद्र वेगड़ आए थे। ट्रायल के दौरान कुल 212 खिलाड़ी ट्रॉयल देने पहुंचे थे। इसमें बिलासपुर के अलावा पेंड्रा, मरवाही, तखतपुर, मुंगेली, जांजगीर, कोटा, मस्तूरी, बिल्हा ,सीपत, लोरमी और मल्हार से खिलाड़ी शामिल थे। इन सभी खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन के पश्चात चयनकर्ता ने अंडर 14 कैंप के लिए सम्भावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

सभी चयनित खिलाड़ियों के लिए 5 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे साइंस कॉलेज, सरकंडा में कैंप लगाया जाएगा, जिसमें खिलाड़ी सफ़ेद वेशभूषा में उपस्थित होंगे।

बेसबाल में बिलासपुर ने दोनों वर्गों में जीता खिताब



छत्तीसगढ़ बेसबॉल एसोसिएशन एवं जिला बेसबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 26वीं जूनियर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय बेसबॉल चैंपियनशिप का 2 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ स्कूल बेसबॉल मैदान में समापन हुआ। प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, कोरबा, महासमुंद, कवर्धा, दंतेवाड़ा, बिलासपुर एवं बेमेतरा जिले के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रदेश संघ की अध्यक्ष डॉ.पलक जायसवाल ने बताया कि बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में बिलासपुर ने कवर्धा को 2-0 से हराया। वहीं बालिका वर्ग में दंतेवाड़ा को हराकर बिलासपुर की टीम विजेता बनी।

समापन समारोह में फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया ने कहा कि खेल में सफलता के लिए केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित अभ्यास, अनुशासन, फिटनेस और निरंतर मेहनत बेहद जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों को जीत और हार से ऊपर उठकर हर प्रतियोगिता में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने तथा आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने के लिए प्रेरित किया।

बिलासपुर हॉकी की टीम अगले राउंड में



स्टार मल्टीवेंचर प्राइवेट लिमिटेड की स्पॉसरशिप में चल रही बिलासपुर हॉकी प्रीमियर लीग के दूसरे दिन तीसरा मैच बिलासपुर वारियर्स विरुद्ध बिलासपुर चैम्पियन बीच खेला गया। इसमें बिलासपुर वारियर्स ने बिलासपुर चैम्पियन 5 के मुकाबले 2 गोल से पराजित किया। मैन ऑफ द मैच बिलासपुर वारियर्स के सुमित मिंज रहे। निर्णायक हेमंत रजक और सौरभ सिंह और टेक्निकल में निलेश रजक, जयश्री हमने, यासना परवीन, पूजा यादव, रितु भोसले रहे। दूसरा मैच बिलासपुर स्ट्राइकर विरुद्ध बिलासपुर टाइगर के मध्य खेल गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में बिलासपुर टाइगर ने बिलासपुर स्ट्राइकर को 5 के मुकाबले में 2 गोलों से पराजित कर जीत हासिल की। इसके मैन ऑफ द मैच सोनू निषाद रहे। मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल एवं दीपक सिंह, आशीष सिंह, हॉकी खिलाड़ी विजय गुर्जर, मिर्जा नावेद बेग, मिर्जा जुनैद बेग, शेख अकरम, मिर्जा सुहैल बेग, मुस्ताकुद्दीन, शरद राजेश हेनरी, भुट्टो राज, अफ़ाकुद्दीन, मिर्जा फरीद बेग, सुलतानुद्दीन, सोनू सिंह आदि खिलाड़ी मौजूद थे।

खबर संक्षेप

मल्हार में आज गौ आधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम

मल्हार। किसानों को गौ आधारित एवं प्राकृतिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने और खेती में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग की जानकारी देने के उद्देश्य से गौ सेवा गतिविधि, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में रविवार को मंगल भवन, मल्हार में एक दिवसीय गौ आधारित कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को कृषि से जुड़ी विभिन्न उपयोगी तकनीकों की जानकारी विशेषज्ञ प्रशिक्षण के माध्यम से दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को बीजामृत, घनजीवामृत, गौमूत्र अर्क एवं जैविक कीटनाशक बनाने की विधि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

निधन

पं रामगुलाम दुबे

बिलासपुर। ग्राम कोटमी सोनार निवासी सरयूपारीय द्विज परिवार के संरक्षक पं रामगुलाम दुबे का शनिवार प्रातः निधन हो गया। वे अवधेश दुबे के पिता थे। रेलवे मेंस कांग्रेस के संयुक्त सचिव रहे स्व. दुबे की अंतिम यात्रा रविवार 4 अक्टूबर को दोपहर 12: बजे उनके निवास, राजकिशोर नगर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



बालमुकुंद पांडेय

मल्हार। पांडेय परिवार के वरिष्ठ व प्रतिष्ठित नागरिक बालमुकुंद पांडेय का 74 वर्ष की उम्र में शनिवार की शाम निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रामायण पांडेय के छोटे व कृष्णा पांडेय के बड़े भाई थे, तथा सुनील पांडेय, संजीव पांडेय, अनिल पांडेय के पिता व हरिशंकर पाण्डेय के चाचा थे।



लखन लाल यादव

लोरमी। ग्राम बाघमार निवासी लखन लाल यादव 77 वर्ष का 2 अक्टूबर को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को गृह ग्राम में किया गया। दुर्गेश, नरेश, गोलू यादव के पिता थे।



रजनी तिवारी

मुंगेली। नगर की प्रतिष्ठित नागरिक श्रीमती रजनी तिवारी पति स्व. मण्डली प्रसाद तिवारी बाघमुड़ा का 87 वर्ष की आयु में 2 अक्टूबर को निधन हो गया। वे विजय, अजय, राजेश, सुभद्रा व सुषमा की मां थी। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजातीजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



अशोक सेन

मुंगेली। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अशोक सेन का 2 अक्टूबर शुक्रवार को शाम 6 बजे 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे राहुल सेन, राजा सेन के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर शनिवार को मुक्तिधाम में किया गया।



शत्रुहन श्रीवास

तखतपुर। तखतपुर निवासी शत्रुहन श्रीवास का 82 वर्ष की आयु में 3 अक्टूबर को निधन हो गया। वे आनंद श्रीवास, बबलू श्रीवास के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



जीके मूर्ति

बिलासपुर। रेलवे कालोनी निवासी जीके मूर्ति पिता जीसन्यासी नायडू का निधन 2 अक्टूबर शुक्रवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 4 अक्टूबर रविवार की सुबह 10 बजे तोरवा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे जी श्रीनिवास श्रीणु, आर शशिकला, के पद्मजा के पिता थे।



मुन्ना प्रसाद टंडन

मस्तूरी। विकासखंड के अंतर्गत स्थित मिडिल स्कूल मटिया में पदस्थ प्रधान पाठक मुन्ना प्रसाद टंडन 60 वर्ष का 3 सितंबर को निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार 4 सितंबर रविवार को सरगंवा मस्तूरी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शुभम टंडन के पिता थे।



कोलकोता में आयोजित अपेक्स बॉडी की बैठक में लिया गया निर्णय

कोयला कर्मियों की बल्ले बल्ले, 1 लाख 10 हजार 250 रुपए मिलेगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कर्मचारियों के बोनस को लेकर कोलकाता में आयोजित बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा 1 लाख 8 हजार रुपए बोनस राशि का प्रस्ताव दिया गया। वहीं श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने 1 लाख 20 हजार और इससे अधिक के बोनस राशि की मांग की। जिसे शुरुआत में प्रबंधन ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए नकार दिया। श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि अपनी मांग को लेकर अड़े रहे। बैठक में चली लंबी चर्चा के बाद आखिरकार कोल इंडिया प्रबंधन और श्रमिक संगठनों ने 1 लाख 10 हजार 250 रुपए की बोनस पर अपनी सहमति जाहिर कर दी। बीते वर्ष कोल कर्मियों को 1 लाख 3 हजार रुपए बोनस दिया गया था। इस तरह इस वर्ष कोयला कर्मियों को बीते वर्ष की तुलना में 7 हजार 250 रुपए अधिक बोनस राशि प्रदान की जाएगी। 15 अक्टूबर को कोयला कर्मियों के खातों में बोनस राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया के पौने तीन लाख कर्मियों और ठेका मजदूरों के बोनस पर चर्चा के लिए शनिवार की सुबह बैठक शुरू हुई है। कंपनी की संयुक्त सलाहकार समिति की एपेक्स बॉडी की यह बैठक कोलकाता में आयोजित की गई। श्रम मंत्रालय के नये कानून आने के बाद पहली बार यह बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में प्रबंधन की ओर से व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियाँ संहिता (ओएसएच) 2020 पर पावर प्रेजेंटेशन दिया गया। इसमें व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियों से जुड़े प्रावधानों तथा उनसे संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके बाद लंच ब्रेक हुआ। करीब 3 बजे बैठक दोबारा शुरू हुई और पीएलआर की राशि को लेकर यूनियन प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के बीच बातचीत हुई। बीते वर्ष कोयला कर्मियों को 1 लाख 3 हजार की राशि बतौर बोनस के रुप में प्रदान की गई थी। यही वजह है कि बैठक में कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा 5 हजार की बढोत्तरी करते हुए 1 लाख 8 हजार रुपए बोनस राशि का प्रस्ताव दिया गया। जिसे श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने एक सिरे से खारिज कर दिया। यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा 1 लाख 20 हजार और इससे अधिक बोनस राशि की मांग गई। इसके बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने 1.15 हजार रुपए तक की मांगी की, लेकिन प्रबंधन 1 लाख 8 हजार पर ही अड़ा रहा। बाद में प्रबंधन ने 1 लाख 9 हजार का प्रस्ताव दिया यूनियन 1 लाख 14 हजार पर आया। लंबी चर्चा के बाद 1 लाख 10 हजार 250 की राशि पर सहमति बनी। बैठक में चली लंबी चर्चा के बाद आखिरकार कोयला कर्मचारियों को इस वर्ष बोनस के रुप में 1 लाख 10 हजार 250 रुपए दिए जाने पर सहमति बन गई है। बीते वर्ष की तुलना में 7 हजार 250 रुपए अधिक बोनस राशि प्रदान की जाएगी। बैठक में सीटू से डीडी रामानंदन, बीएमएस से के लक्ष्मा रेड्डी, एचएमएस से शिव कुमार यादव और एटक से लखन लाल महतो शामिल हुए। श्रमिक नेता रमेंद्र कुमार के बीमार हो जाने के कारण श्री महतो कोलकाता की बैठक में शामिल रहे। प्रबंधन की ओर से निदेशक मार्केटिंग एवं प्रभारी निदेशक मानव संसाधन मुकेश चौधरी तथा निदेशक वित्त मुकेश अग्रवाल बैठक में शामिल हुए।



फाइल फोटो

खास बात

- बीते वर्ष की तुलना में 7 हजार 250 रुपए अधिक मिलेगा बोनस, 15 अक्टूबर को खाते में आएगी राशि

इंटक ने हाईकोर्ट का खटखटाया दरवाजा

कोल इंडिया के गैर-कार्यकारी कोयला कामगारों के वर्ष 2026 के सालाना बोनस यानी प्रदर्शन आधारित पुरस्कार (पीएलआर) के निर्धारण को लेकर 3 अक्टूबर को वार्ता आयोजित की गई। बैठक में इस बार चार केंद्रीय श्रमिक संगठनों बीएमएस, एचएमएस, एटक और सीटू के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इंटक को बैठक में शामिल होने का निमंत्रण नहीं मिला है। अपने प्रतिनिधि को पीएलआर वार्ता में शामिल कराने की मांग को लेकर इंटक ने कलकत्ता हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हालांकि, गुरुवार तक याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हो सकी।

सेवानिवृत्त कोलकर्मियों को मिलेगा लाभ

पीएलआर के फैसले का लाभ केवल वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगा। एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच सेवानिवृत्त हुए करीब 8351 कोलकर्मी भी इसके दायरे में आयेंगे. इसके अलावा सिंगरैनी कोलियरी कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के करीब 32 हजार कर्मियों को भी पीएलआर का लाभ मिलने की बात कही गयी है। कोयला क्षेत्र में इंटक के प्रतिनिधित्व का मामला पहले भी अदालत पहुंच चुका है। फरवरी 2023 में खंडपीठ के आदेश के बाद सितंबर 2025 में अदालत ने कोल इंडिया को संबंधित फेडरेशन को जेबीसीसीआइ की बैठक में शामिल करने का निर्देश दिया था।

विशेष ग्रामसभा में 11 बुजुर्ग 7 स्वच्छता दीदियां सम्मानित

पेंशन राशन से लेकर पीएम आवास आजीविका एवं भूजल स्तर बढ़ाने पर चर्चा



सीपत। गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत सीपत में विशेष ग्रामसभा आयोजित की गई। शुरुआत में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामसभा में पेंशन, राशन, जन्म मृत्यु पंजीयन, वार्षिक कार्ययोजना, पीएम आवास, टीबी मुक्त छत्तीसगढ़, घुमंतू गतिविधियों की रोकथाम तथा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को लेकर ग्रामीणों को जानकारी दी गई। पंचायत की ओर से गांव के 11 वृद्धजनों एवं 7 स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। वहीं ऑनलाइन तैयार किए गए 3 जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्रों का वितरण भी किया गया। ग्राम पंचायत सीपत की सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि गांव के विकास के लिए ग्रामीणों की सहभागिता जरूरी है। पंचायत स्तर पर आवश्यकताओं के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर सभी के सहयोग से उसे धरातल पर साकार करने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी वर्षा दुबे ने एग्रीटेक तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित कृषि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारी योगेश नेताम ने आजीविका मिशन के संबंध में जानकारी देते हुए बिहान एवं अन्य स्व-सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वरोजगार और आजीविका से जोड़ने के प्रयासों पर चर्चा की। ग्राम पंचायत सचिव हेमंत पटेल ने पेंशन, राशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना सहित जी राम जी से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दी। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी भी दी। ग्रामसभा में गांव में भूजल स्तर बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा हुई। जल संरक्षण एवं वर्षा जल के बेहतर उपयोग को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

सीपत-बलौदा रोड पर लगा जाम



सीपत। उर्स के अंतिम दिन जायरीनों की भारी भीड़ के बीच सीपत-बलौदा मार्ग पर यातायात व्यवस्था प्रभावित रही। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण लुतरा से धनिया और धनिया से बलौदा तक वाहनों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ा। पुलिस जवानों ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने का प्रयास किया, लेकिन दिनभर कई बार जाम की स्थिति बनी रही। लुतरा शरीफ में पांच दिनों तक चलती अकीदत, इबादत, कव्वाली और दुआओं की महफिल के बीच 68वें सालाना उर्स का समापन हुआ।

श्रीकृष्ण जन्म से गूंजा चंगोरी का कथा पंडाल, भक्ति में झूमे श्रद्धालु



सीपत। चंगोरी में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के चौथे दिवस भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनते ही कथा स्थल भक्ति और उल्लास से सराबोर हो उठा। कथावाचक संतोषी नंदन महाराज ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, पूतना उद्धार, दही लूट, गोवर्धन पूजा, कंस वध और रुक्मणी विवाह की कथा सुनाई।

कथावाचक संतोषी नंदन महाराज ने राजा परीक्षित को सुखदेव जी द्वारा सुनाई गई गजेंद्र मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की शरणागति और भक्ति मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करती है। श्रद्धा के साथ गजेंद्र मोक्ष का पाठ करने से मन को शांति मिलती है और विपरीत परिस्थितियों में भगवान का स्मरण व्यक्ति को संबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति और स्मरण से जीवन के कष्टों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते रहे और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते रहे। कथा में आगे कृष्ण बाल लीला और पूतना उद्धार, गोपियों संग दही लुट, गोवर्धन पूजा, कंस वध तथा रुक्मणी विवाह जैसे प्रसंगों का भी संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के प्रसंगों के साथ भजनों और झांकियों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डुबो दिया।

दीदियों को सम्मानित कर दी गई साड़ी एवं स्वच्छता किट

बोदरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत वह स्वच्छता दिवस के अवसर पर नगर पालिका बोदरी के वार्ड क्रमांक 12 में स्वच्छता अभियान चलाकर मुक्तिधाम की सफाई की गई। उसके बाद नगर पालिका कार्यालय में वार्डो तथा मुख्य मार्ग पर कचरा कलेक्शन किया गया। सफाई कार्य में लगी स्वच्छता दीदियों को सम्मानित करते हुए साड़ी एवं स्वच्छता किट नगर पालिका परिषद बोदरी की अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा द्वारा बांटी गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष शिमला वर्मा, सभापति भावना आशीष खत्री, एल्डरमैन ज्योति कुलदीप, अभियंता रश्मि देवांगन, चंदू स्नेही सहित सभी स्वच्छता दीदिया उपस्थिति रही।



सालाना उर्स का कुल की फातेहा सामूहिक दुआ के साथ समापन



सीपत। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा सैय्यद इंसान अली शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह लुतरा शरीफ में चल रहे पांच दिवसीय 68वें सालाना उर्स का शुक्रवार को कुल की फातेहा और सामूहिक दुआ के साथ समापन हुआ। उर्स के अंतिम दिन देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे हजारों जायरीनों ने दरगाह में हाजिरी लगाई। अमन-चैन, खुशहाली, आपसी भाईचारे, कौमी एकता और देश की तरक्की के लिए हुई दुआ में हजारों अकीदतमंदों ने हाथ उठाकर आमीन कहा। उत्तर प्रदेश से पहुंचे धर्मगुरु हजरत अल्लामा सैय्यद राशिद मक्की मियां ने कुल की फातेहा के बाद विशेष दुआ कराई। इस दौरान दरगाह परिसर आमीन की सदाओं से गूंज उठा। इसके बाद परंपरानुसार जायरीनों पर कुल के छींटे डाले गए। अकीदतमंदों ने अश्क और अकीदत के साथ कुल के छींटे ग्रहण किए। फातेहा के बाद जायरीनों के लिए लंगर और प्रसाद की व्यवस्था की गई। उर्स के दौरान क्षेत्रीय कमेटी की ओर से अकीदतमंदों की सुविधा के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की गई थीं। बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, जांजगीर-चांपा सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे करीब 250 स्वयंसेवकों ने पांचों दिन व्यवस्था संभाली। चांपा की राजा-मुस्लिम कमेटी ने भी जायरीनों के लिए सुबह नाश्ता तथा दिनभर चाय और पानी की निःशुल्क व्यवस्था की। व्यवस्थाओं में दरगाह इंतजामिया कमेटी के सदर हाजी मो. इकबाल हक (बिलासपुर), खजांची जनाब फैजान अहमद शेबू (बिलासपुर) और नायब खजांची जनाब जावेद रब्बानी सहित कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रहे। इस अवसर पर नजीर अहमद (बलौदा), जनाब मो. सज्जाद सिद्दीकी (कोरबा), जनाब सैय्यद इंसान अली (बिलासपुर), शेख सिकार (बिलासपुर), जनाब मो. एजाज खान (बिलासपुर), जनाब अब्दुल वहाब अशर्फी (लुतरा शरीफ), हाजी अनवारुल हक, हाजी अब्दुल करीम बेग (लुतरा शरीफ), जनाब मुशर्रफ खान (बिलासपुर) और शहनवाज मेमन (लुतरा शरीफ) सहित अनेक लोग मौजूद रहे। दरगाह इंतजामिया कमेटी, खादिमों और स्थानीय सहयोगियों के सहयोग से उर्स के सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुए।

गांधी जयंती पर जेवरा में दी गई शासन की योजनाओं की जानकारी



मस्तूरी। विकासखंड के अंतर्गत स्थित वनांचल ग्राम जेवरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आंतरिक एवं करारोपण अधिकारी विजय पांडे ने शासन की योजना के सम्बन्ध में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी और आयोजित ग्राम सभा के सम्बन्ध में प्रकाश डाला। इस अवसर पर अवसर पर सरपंच मुलचंद पटेल, सचिव राजकुमार पटेल सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

यादव समाज की बैठक में महिला टीम बनाने पर जोर

चकरभाठा/सकर्रा। छत्तीसगढ़ झोरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय जगनिक यादव के निर्देशानुसार महिला संगठन को सशक्त बनाने दुर्ग-भिलाई-3 में एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सैलाना बी.एल. यादव एवं कविता महेश यादव, जनपद सदस्य एवं महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष तखतपुर ने संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज की मजबूती में मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। हर गांव में महिला टीम गठित करने, महिलाओं को संगठन में जिम्मेदारी देने तथा बेटियों की शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बैठक में बिलासपुर जिला अध्यक्ष दीपा यादव, प्रदेश महामंत्री सुनीता यादव, उपाध्यक्ष संध्या यादव, कोषाध्यक्ष मंजू यादव, नगर अध्यक्ष संजू यादव, महासमुंद जिला अध्यक्ष सारिका यादव, मुंगेली जिला अध्यक्ष, दुर्ग जिला अध्यक्ष ज्योति यादव, उपाध्यक्ष कुंती यादव सहित सती यादव, प्रमिला यादव, हेमलता यादव एवं ग्रामीण अध्यक्ष नेहा यादव पाटन सहित महिला पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

करर्रा के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह



सीपत। सेवा एवं संकल्प अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत करर्रा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की खुशियों, उनके सर्वांगीण विकास और आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मस्तूरी जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी रहीं। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी ने करर्रा की दोनों आंगनबाड़ियों के बच्चों के लिए खिलौना बैंक दान किया। खिलौनों से बच्चों में खेल-खेल में सीखने, रचनात्मकता बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। खिलौना बैंक मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं माताओं ने जनपद अध्यक्ष का आभार जताया। जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की पहली पाठशाला हैं। खिलौना बैंक के माध्यम से बच्चों को खेल के साथ सीखने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सरपंच जयंती पटेल, पूर्व जनपद सदस्य गौरी यादव, सक्रिय महिला गायत्री पटेल, परियोजना प्रमुख स्मिता शुक्ला, सुपरवाइजर गरिमा गोस्वामी सहित सीपत सेक्टर की सभी सुपरवाइजर एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी. 996, द्वितीय क्रेता श्री रॉकी साहू पिता अमृत लाल साहू को नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 18.04.2012 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा मण्डल से विधिवत विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर उक्त भवन को तृतीय क्रेता के पक्ष में विक्रय विलेख दिनांक 01.06.2021 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री पंकज कुमार ठाकुर पिता श्री श्याम नारायण ठाकुर के नाम पर नामांतरण करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/ वित्तीयसंस्था / बैंक इत्यादि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

FORM-I
NOTICE TO BE PUBLISHED IN NEWSPAPER FORM

I, Susmita Kund (Old Name, which is to be changed) wife of Sisir Ranjan sahoo D-67 Vijaypuram,(ph-1,) Seepat Road,City : BilaspurTahsil. : Bilaspur District : Bilaspur Chhattisgarh have changed my name from Susmita Kund (Old name) to Susmita sahoo (new name)

Susmita.
Signature (old name)

प्ररूप-(एक)
समाचार पत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं सुस्मिता कुंद (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है)/पत्नी सिसिर रंजन साहू डी/67 विजयपुरम (पी एच -1), सीपत रोड,तहसील : बिलासपुर जिला; बिलासपुर ,छत्तीसगढ़ ने अपना नाम सुस्मिता कुंद (पुराना नाम) से बदल कर सुस्मिता साहू (नया नाम) रख लिया है।

सुस्मिता
हस्ताक्षर (पुराने नाम से)

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
-:: ईश्तहार ::-
राजस्व प्रकरण क्रमांक 254/ अ-20(1)/2025-26
पक्षकार शरद कुमार शेन्द्रे S/o यादोराव
.....आवेदक
विरुद्ध
छत्तीसगढ़ शासन.....अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि आवेदक/आवेदिका श्री शरदकुमार शेन्द्रे पिता यादोराव निवासी राजेन्द्र नगर, बिलासपुर (छ.ग.) ने स्वतः / अधिवक्ता के नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला घसियापारा, शीट नंबर-03 प्लाट नं.139/1 रकबा-863 वर्गफुट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके.....नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/03/2024 के लिये आवेदक /आवेदिका अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है ।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 22/10/2026 को स्वतः/अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/ आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा ।

आज दिनांक 30/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर . जिला बिलासपुर (छ.ग)
ईश्तहार/नोटिस/समंस
क्र./Q/अ.वि.अ/ रीडर-1/2025
तखतपुर दिनांक 29.09.2026
अपील प्रकरण क्रमांक-20250407 5200012/अ-23-अ/2024-25

आजु राम ध्रुव वगै. पिता दुखु राम निवासी-उस्लापुर तह-सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग) द्वारा मुख्तयार खास सदन कुमार मांडवी पिता भुलउ राम मरावी निवासी-खाल्लेपारा पुरानी बस्ती उस्लापुर तह-सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग)

विरुद्ध

सुरेन्द्र कुमार पिता तुलसी राम निवासी-भनपुरी रायपुर तह व जिला-बिलासपुर (छ.ग)

प्रति, 1. प्राण बंधु पंडा पिता श्री लक्ष्मण पंडा निवासी- उस्लापुर तह-सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग)

अपीलार्थी- आजु राम ध्रुव पिता दुखु राम, द्वारा मुख्तयार खास सदन कुमार मांडवी पिता भुलउ राम मांडवी निवासी -खाल्लेपारा पुरानी बस्ती उस्लापुर तह-सकरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग) निवासी द्वारा भूमि ग्राम-उस्लापुर प.ह.न 60, खसरा 460,458,459, रकबा 0.40,0.26,0.01 हे. कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.67 ऐ. के संबंध में इस न्यायालय में अपील आवेदन पेश किया गया है।

अतः एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/10/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय तहसीलदार सकरी लिंक कोर्ट में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग)



खबर संक्षेप

रैक नहीं मिला तो रद्द कर दी गई बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस आज

बिलासपुर। रैक नहीं मिलने के कारण बिलासपुर से टाटानगर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस रविवार 4 अक्टूबर को रद्द करने का आदेश जारी किया गया है। शनिवार को टाटानगर से बिलासपुर आने वाली एक्सप्रेस के नहीं आने के कारण बिलासपुर रेल मंडल के पास रैक उपलब्ध नहीं हो पाया। इसके कारण 18114 बिलासपुर से टाटानगर के लिए रवाना की जाने वाली एक्सप्रेस रविवार को अचानक रद्द कर दिया गया है। इस ट्रेन के रद्द होने के कारण बिलासपुर से चांपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा और टाटानगर तक जाने वाले सैकड़ों यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

मित्र मंडल नेहरू नगर ने निकाली जागरूकता रैली



बिलासपुर। मित्र मंडल नेहरू नगर हास्य योग केंद्र के पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान के तहत सुबह हास्य योग के पश्चात गार्डन की सफाई की एवं स्वच्छता अभियान के लिए जागरुकता रैली निकाली। इस दौरान सुजीत गुप्ता, शुभांगी प्रीति गुप्ता, बसंती वर्मा, आभा वर्मा, पंकज पंचायती, विजय गंगवानी, सुशील अग्रवाल, राजेश शर्मा, सुधीर देशकर, रजनीश गुप्ता, सुनील अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, परमेश्वरी घनशानी, सुमित्रा राय, बसंत केशरवानी उपस्थित थे।

मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा स्थापित करने की मांग



बिलासपुर। फोरम ऑफ रिटायर्ड डिप्लोमा इंजीनियर्स छत्तीसगढ़ जिला समिति के प्रतिनिधिमंडल ने नगर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल से नगर पालिक निगम के पार्षद गणेश रजक के साथ सौजन्य भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया कि नेहरू चौक के समीप आईजी तिराहे पर भारत रत्न, महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही एक भव्य स्वागत द्वार का निर्माण कर मार्ग का नामकरण अभियंता पथ किया जाए। अमर अग्रवाल ने प्रतिनिधिमंडल के प्रस्ताव की सराहना करते हुए प्रतिमा स्थापना के लिए अपनी सहमति व्यक्त कर यथोचित कार्रवाई हेतु पूर्ण आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अभियंताओं का योगदान राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय है और सर विश्वेश्वरैया की प्रतिमा युवा अभियंताओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में फोरम के पदाधिकारी राजीव नयन शर्मा, आरपी शुक्ला, आरके मित्तल एवं इंजीनियर आरके सक्सेना उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने गणेश मंदिर में की पूजा



बिलासपुर। भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यन ने रेलवे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी रेल्वे स्थित श्री सुमुख गणेश मंदिर पहुंच कर विशेष पूजा-अर्चना की एवं दर्शन लाभ लिया। श्री सुब्रमण्यन ने संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत एवं दक्षिण एशिया का प्रतिनिधित्व करते हुए कार्यकारी निदेशक के रूप में भी सेवाएं दी है। जिन तीनों प्रतिष्ठित संस्थानों से उन्होंने शिक्षा प्राप्त की, उन सभी से उन्हें सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उनके उत्कृष्ट ज्ञान एवं दूरदर्शिता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत सरकार का मुख्य आर्थिक सलाहकार नियुक्त किया था। वहीं यह अत्यंत गर्व की बात है कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा बिलासपुर भारत माता स्कूल में हुई। उनके पिता स्व. ए.वी. कृष्णमूर्ति रेल्वे कर्मचारी थे। उनकी माता श्रीमती लीला दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सत्य के मार्ग पर चलने वाली महिला थीं। जिन्होंने हमेशा उन्हें ईमानदार, सादगी और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान अपने जीवन से जुड़े विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया तथा अपने पुराने मित्रों और वरिष्ठजनों से मुलाकात की। मंदिर समिति की ओर से अध्यक्ष बी. कृष्णकुमार, सचिव पी.एस. शिवा पिल्लई, संरक्षक के.एस. महादेवन, एस. रमानी, एस. रमेश, कु. प्रतीक्षा देवांगन, नाथन मामा एवं अन्य सदस्यों ने कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन तथा उनके साथ आए कलेक्टर संजय अग्रवाल का शॉल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

भागवत पुराण में महापौर, कांग्रेस अध्यक्ष ने लिया आशीर्वाद





बिलासपुर। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत पुराण में महापौर पूजा विधानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धान्शु मिश्रा एवं गौरव तिवारी, रोशन अवस्थी ने महराज महेश तिवारी से आशीर्वाद लिया।

कई शिक्षक अंग्रेजी में धाराप्रवाह पढ़ाने में सक्षम | **शिक्षकों के लिए 12वीं और स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होना अनिवार्य**

निजी स्कूलों के लिए नई शर्त से बढ़ी मुश्किलें, अनुभवी शिक्षकों की भी जा सकती है नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की मान्यता और संबद्धता के नए नियम का अशासकीय स्कूल संचालकों ने विरोध किया है। नए नियम में शिक्षकों के लिए 12वीं और स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होना अनिवार्य किया गया है।

संचालकों का कहना है कि इससे नए स्कूलों को मान्यता लेना मुश्किल हो गया है। संचालकों के अनुसार प्रदेश, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ऐसे शिक्षक बहुत कम हैं, जिन्होंने 12वीं से लेकर स्नातकोत्तर तक पूरी पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से की हो। इस शर्त के कारण वर्षों से स्कूलों में पढ़ा रहे अनुभवी और विषय के जानकार शिक्षक भी केवल हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने के कारण अपात्र हो रहे हैं। अशासकीय स्कूल संचालकों का कहना है कि, कई शिक्षक अंग्रेजी में धाराप्रवाह पढ़ाने में सक्षम हैं और उनकी विषय पर मजबूत पकड़ है। इसके बावजूद पिछली पढ़ाई का माध्यम मान्यता का आधार बनने से निजी स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता प्रभावित होगी। इसका सीधा असर स्कूल संचालन और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ने की आशंका है। स्कूलों का कहना है कि किसी शिक्षक की अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने की क्षमता का आकलन केवल इस आधार पर नहीं किया जाना चाहिए कि उसने अपनी पूरी पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से प्राप्त की है या नहीं।

राज्य में बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक हैं, जिन्होंने स्कूल या उच्च शिक्षा हिंदी माध्यम से पूरी की है, लेकिन विषय पर मजबूत पकड़ के साथ अंग्रेजी में पढ़ाने में सक्षम हैं। यही नहीं 12वीं से लेकर स्नातकोत्तर तक लगातार अंग्रेजी माध्यम से पढ़े शिक्षकों की उपलब्धता पहले ही सीमित है। ऐसे में नए स्कूलों को प्रत्येक विषय के लिए निर्धारित शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले शिक्षक उपलब्ध कराना चुनौती बन सकता है।

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के सामने संकट

इस नियम को लेकर सवाल सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को लेकर उठाया जा रहा है। राज्य के अधिकांश सरकारी स्कूलों में शिक्षा का माध्यम हिंदी है। अंग्रेजी माध्यम की सरकारी स्कूल व्यवस्था सीमित है, जबकि अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की संख्या बढ़ाने की नीति के साथ शिक्षक पात्रता में पूरी पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होने की शर्त रखी जा रही है। इसका प्रभाव यह हो सकता है कि हिंदी माध्यम से पढ़कर शिक्षक बनने की तैयारी करने वाले विद्यार्थी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में नियुक्ति के लिए निर्धारित पात्रता पूरी न कर पाएं। आत्मानंद स्कूलों में शिक्षक भर्ती के लिए भी पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम मांगा जाता है।

नए स्कूल खोलने की प्रक्रिया पर असर

अशासकीय विद्यालय संचालकों का कहना है कि स्कूल की मान्यता के लिए शिक्षक नियुक्ति की शर्त पूरी नहीं होने पर पूरी मान्यता प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसका असर उन संस्थानों पर पड़ सकता है जो आने वाले सत्र में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं शुरू करना चाहते हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षक की विषय विशेषज्ञता, अंग्रेजी में पढ़ाने की क्षमता और विद्यार्थियों के साथ संप्रेषण कौशल को प्राथमिक आधार बनाया जाना चाहिए। यदि पूर्व की पूरी शैक्षणिक को अंग्रेजी माध्यम से होना अनिवार्य कर दिया जाता है तो उपलब्ध शिक्षक वर्ग का बड़ा हिस्सा बाहर हो जाएगा।

3 से 5 साल का समय देने की मांग

संगठन ने कहा कि सीबीएसई और और आईसीएसई जैसे राष्ट्रीय बोर्डों में शिक्षक की विषय दक्षता और अंग्रेजी में पढ़ाने की क्षमता को महत्व दिया जाता है। इसलिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में भी सभी डिग्रियों के अंग्रेजी माध्यम से होने की अनिवार्यता के बजाय अंग्रेजी में अध्यापन दक्षता, परीक्षा या कार्य अनुभव को आधार बनाया जाए। संगठन ने पहले से कार्यरत शिक्षकों को छूट देने और नए नियम लागू करने के लिए 3 से 5 साल का समय देने की मांग की है।

वन विभाग ने पशुओं को बाहर नहीं छोड़ने कहा, ग्रामीण एरिया में अलर्ट जारी

बेलगहना हाईस्कूल ग्राउंड के पास टाइगर का आतंक, चरते पशुओं का किया शिकार

बिलासपुर। वन मंडल बिलासपुर के कोटा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बेलगहना हाई स्कूल ग्राउंड क्षेत्र के आसपास टाइगर की मौजूदगी की सूचना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। क्षेत्र में चर रहे मवेशियों पर टाइगर के हमला किए जाने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसके बाद ग्रामीणों में अपने पशुओं और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। वन विभाग की टीम ने मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने की चेतावनी देने के साथ ही अलर्ट करना भी शुरु कर दिया है।

पिछले कई दिनों से अचानकमार टाइगर रिजर्व के टाइगर कभी कोटा की ओर और कभी बेलगहना की ओर घूम रहे हैं। इस दौरान टाइगर के सामने आने वाले ग्रामीण और मवेशियों पर लगातार हमले की सूचना भी वन विभाग की टीम को मिल रही है। शनिवार की सुबह हाईस्कूल बेलगहना के आसपास टाइगर की गतिविधि की सूचना विभाग को मिली। यह क्षेत्र आबादी और ग्रामीण गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। आसपास लोग अपने मवेशियों को चराने के लिए ले जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तक मामला पशुओं तक सीमित है, लेकिन यदि टाइगर आबादी वाले क्षेत्र की ओर बढ़ता है तो जान-माल की सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती बन सकती है। वहीं ग्रामीणों को विभाग की ओर से मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने की सूचना दी गई थी, जिसके बाद भी ग्रामीण विभाग





की समझाइश को अनसुना कर रहे हैं। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण निवासरत हैं। सुबह-शाम लोग खेतों और आसपास के इलाकों में आते-जाते हैं। बच्चे भी स्कूल सहित अन्य कामों के लिए घर से बाहर निकलते हैं। ऐसे में टाइगर की मौजूदगी को देखते हुए रिहायशी इलाकों में विशेष निगरानी करने का आदेश अफसरों ने सभी स्टाफ को दिया हुआ है। वहीं ग्रामीणों की मांग है कि वन विभाग तत्काल मौके पर टीम भेजकर क्षेत्र का निरीक्षण करे और टाइगर की गतिविधियों की पुष्टि करे। इसके साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए, ताकि अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

दी जा रही है समझाइश

इस संबंध में कोटा वन परिक्षेत्र के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन ने बताया कि टाइगर पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, लेकिन वह आने के बाद जंगल की ओर चला जा रहा है। कोटवार के माध्यम से लगातार मुनादी भी कराने के अलावा ग्रामीणों को समझाइश भी दी जा रही है कि मवेशियों को जंगल अथवा सुनसान क्षेत्र में अकेले न छोड़ें। शाम और रात के समय अकेले बाहर निकलने से बचें। बच्चों को जंगल या खेतों की ओर अकेले न भेजें। बाघ के पैरों के निशान या गतिविधि दिखे तो उसके करीब न जाएं। तत्काल वन विभाग अथवा स्थानीय प्रशासन को सूचना दें।

जुनेजा आई हॉस्पिटल में मोतियाबिंद ऑपरेशन

बिलासपुर। स्वर्गीय मदन लाल जुनेजा जी मेमोरियल नेत्रार्थ सोसाइटी और जुनेजा आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्त्वावधान में समाज के सभी वर्गों को मोतियाबिंद मुक्त बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है।



हेल्थ प्लस

यह संस्था फरवरी 2022 से लगातार जरूरतमंद मरीजों को दृष्टि प्रदान करने का महान कार्य कर रही है। संस्था ने अब तक बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर-चांपा, सारंगढ़, सक्ती एवं रायगढ़ जिलों के ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों को कवर करते हुए लगभग 10000 मरीजों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन किया है। डोर टू डोर स्क्रीन कम कैंप के माध्यम से मरीजों का चयनसंस्था की एक समर्पित तकनीकी टीम में ऑप्टोमेट्रिस्ट, नर्स, फील्ड वर्कर और चालक शामिल हैं। स्थानीय मितानिनों और नेत्र सहायकों के सहयोग से घर-घर जाकर मोतियाबिंद तथा आँख की अन्य समस्याओं से पीड़ित मरीजों का चयन किया जाता है। इसके पश्चात चयनित मरीजों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल लाकर आधुनिक तकनीकों से विस्तृत जाँच की जाती है। मरीजों के लिए पूरी तरह निःशुल्क सुविधाएं डिस्ट्रिक्ट ब्लाइंडनेस कंट्रोल सोसायटी योजना तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत चयनित मरीजों को निम्नलिखित सेवाएं बिना किसी शुल्क के प्रदान की जाती हैं।

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में तीन दिवसीय स्पाइन कैंप आयोजित



बिलासपुर। कुमार साहेब स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कोनी, बिलासपुर में तीन दिवसीय स्पाइन कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में डॉ.शेखर भोजराज की अध्यक्षता में मुंबई की द स्पाइन फाउंडेशन की विशेषज्ञ टीम द्वारा जटिल एवं आवश्यक रीढ़ की हड्डी से संबंधित रोगियों का उपचार एवं शल्य चिकित्सा की गई है।

कैंप के पहले दिन मरीज के परिक्षण व दूसरे दिन कुल नौ मरीजों की सफल स्पाइन सर्जरी की गई। पांच मरीजों में कमर के लम्बर क्षेत्र में डिस्क बल्जिंग के कारण लंबे समय से कमर दर्द की समस्या थी। विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की जांच एवं आवश्यक मूल्यांकन के पश्चात 2 मरीजों का लम्बर फिक्शन व 3 मरीजों का लैमिनेक्टॉमी एवं डिसेक्टमी की शल्य प्रक्रिया की गई व एक मरीज को सर्वाइकल डिस्क सूजन के कारण सर्वाइकल लामिनेक्टोमी की गई।सभी ऑपरेशन जनरल एनेस्थीसिया के अंतर्गत किए गए। इसके साथ की 3 मरीजों को कौडल ब्लॉक की शल्य क्रिया की गई। ऑपरेशन करने वाली मुंबई से आई द स्पाइन फाउंडेशन की टीम में डॉ.शेखर भोजराज, डॉ.रघुप्रसाद वर्मा, डॉ.निशांत कुमार रांची, डॉ.हर्षित ढवे रतलाम, डॉ.विस्मय हरकरे मुम्बई, डॉ.रवि वरम मुम्बई, रोशन मुम्बई, मधुसूदन रांची के अलावा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कोनी की न्यूरोसर्जरी टीम से डॉ.एमेंद्र वाहने असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ.देवांश मिश्रा असिस्टेंट प्रोफेसर भी सर्जिकल टीम में, एनेस्थीसिया एवं मॉनिटरिंग टीम में डॉ.आदित्य बिड़विकर असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ.श्रीकांत वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ.आदित्य सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर, प्रिऑपरेटिव एंड पोस्टॉपरेटिव वार्ड में डॉ. अनुष्का सिंह, डॉ. सना सिद्दीकी, डॉ. विपिन खूंटे, डॉ. दिलेश्वर निराला, डॉ. सचिन सारथी शामिल थे। इस महत्वपूर्ण स्पाइन कैंप के आयोजन एवं सफल संचालन में कलेक्टर संजय अग्रवाल का सहयोग रहा। यह तीन दिवसीय स्पाइन कैंप शासकीय सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कोनी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीपी सिंह के मार्गदर्शन में उन्होंने बताया कि अगले शिविर तीन महीने बाद आयोजित करवाई जाएगी। सुपर स्पेशिऐलिटी अस्पताल को रीढ़ के हड्डियों की बीमारी के ईलाज के लिए शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग और स्पाइन फाउंडेसन की मदद से सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस बनाये जाने के लिए कलेक्टर और फाउंडेसन के प्रेजिडेंट के साथ विशेष चर्चा की गई। ऐसे विशेषज्ञ कैंपों के माध्यम से मरीजों को उच्च स्तरीय सुपरस्पेशलिटी सेवाएं उनके ही क्षेत्र में उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता विकसित भारत की पहली आवश्यकता

बिलासपुर। सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मल्टीपरपज आत्मानंद स्कूल दयालबंद में जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- **मल्टीपरपज आत्मानंद स्कूल दयालबंद में जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण स्पर्धा संपन्न**

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सेवा से संकल्प अभियान विकसित भारत की उस परिकल्पना को साकार करने का संकल्प है, जो देश की आजादी के 100वें वर्ष 2047 में अपने पूर्ण स्वरूप में सामने आएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश इसी लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है और हम सभी इस राष्ट्र निर्माण यात्रा के सहयात्री हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की पहली आवश्यकता देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता है। आज ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए भारत अपनी सुरक्षा और



आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल, मेक इन इंडिया, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और पीएम गति शक्ति मिशन जैसी पहलें देश के आर्थिक विकास को नई दिशा दे रही हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं से स्वरोजगार और छोटे उद्यमों को बढ़ावा मिला है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं ने आम परिवारों के जीवन में सुविधाओं का विस्तार किया है। ग्रामीण भारत के विकास के साथ शहरों को आधुनिक सुविधाओं से विकसित करने की दिशा में भी काम हो रहा है। आज का युवा केवल नौकरी पाने की सोच नहीं रखता, बल्कि नौकरी देने वाला बनने की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। बेटा-बेटी एक समान की भावना सामाजिक समानता को मजबूत कर रही है। खेलों में भी भारतीय बच्चे और युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक संकल्प है और इसकी सबसे मजबूत नींव देश के बच्चे और युवा हैं। इस मौके पर पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पांडे, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी संदीप पांडे, शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्य आदि उपस्थित थे।

गांधी जयंती पर एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

बिलासपुर। 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 7 सीजी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में डीपी विप्र महाविद्यालय, बिलासा गर्ल्स महाविद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद मल्टीपरपज स्कूल, के एनसीसी कैडेटों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। एनसीसी कैडेटों ने डीपी विप्र महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एमएस तंबोली ने स्वच्छता के प्रति कैडेटों को शपथ दिलाकर हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली डीपी विप्र महाविद्यालय से प्रारंभ होकर गांधी चौक तक पहुंची। गांधी चौक पहुंचने के पश्चात कैडेटों ने वहां भी स्वच्छता अभियान चलाया। इसके उपरांत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कैडेटों ने महात्मा गांधी के स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कैप्टन डॉ.आशीष शर्मा एनसीसी अधिकारी, डीपी विप्र महाविद्यालय, फर्स्ट ऑफिसर अशोक नगपुरे, स्वामी आत्मानंद मल्टीपरपज स्कूल, प्रोफेसर यूपेस कुमार, डॉ.किरण दुबे एनएसएस अधिकारी, डॉ. रिचा बसंत, डॉक्टर मनीष तिवारी, डॉ.निधिश चौबे सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं तथा तीनों संस्थानों के एनसीसी कैडेट बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष केशरवानी के निवास में हुई बैठक

बेलतरा क्षेत्र में कथित बदले की राजनीति के खिलाफ 13 को घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच एवं कांग्रेस पार्टी के लोगों ने कलेक्टर से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक द्वारा कथित राजनीतिक बदले की भावना से जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को परेशान करने, सरपंचों पर दबाव बनाकर पसंदीदा ठेकेदारों से पंचायत कार्य कराने, विकास कार्यों में राजनीतिक भेदभाव, प्रशासन पर दबाव, अवैध उत्खनन का आरोप लगाते हुए शिकायतों की निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की है।

इन्हीं शिकायतों और कथित राजनीतिक दबाव के विरोध में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सरपंचों एवं नागरिकों द्वारा 13 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय घेराव का निर्णय लिया गया है। यह कार्यक्रम



लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा तथा इसका उद्देश्य जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच, प्रशासनिक दबाव से मुक्ति और जनप्रतिनिधियों के साथ समान व्यवहार की मांग करना है। इसी विषय को लेकर आज बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं प्रमुख नागरिक पूर्व जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के निज निवास पर बैठक हुई। बैठक में 13 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय घेराव का निर्णय लिया गया है। बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी सहित राजेंद्र डब्बू साहू, ब्लॉक अध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष प्रभंजन बंटी बैसवाड़े, शीतल दास मानिकपुरी, मनीष गड़ेवाल, संतोष साहू, रामप्रसाद साहू, रूपनारायण बाश, धुर्वे कुमार साहू, कुशल वर्मा आदि उपस्थित थे।

बेजा आरोप लगाने वाले कार्रवाई के लिए तैयार रहें



बेलतरा क्षेत्र के विधायक सुशांत शुक्ला ने सारे आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि खिसियानी बि ल्ली खंभा नोंचे के तर्ज पर बेलतरा क्षेत्र में कांग्रेसियों का दलाली, भ्रष्टाचार बंद है तो वे तिलमिला रहे हैं। उनका केवल इतना कहना है कि उनपर बेजा आरोप लगाएंगे तो उन आरोपों को लेकर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

साइंस कालेज मैदान में दशहरा उत्सव को लेकर सियासत तेज

बिलासपुर। नगर निगम द्वारा अरपापार साइंस कालेज मैदान में रावण दहन दशहरा उत्सव कार्यक्रम को लेकर सियासत तेज हो गई है। नगर निगम की ओर से रावण दहन कार्यक्रम के लिए लगभग 20 लाख रुपए का टेंडर निकाला गया है, जिसका शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा ने विरोध करते हुए नगर निगम पर कई सवाल खड़ा किया है और निगम द्वारा त्योहार के सरकारीकरण को अनुचित ठहराया है।

इस मुद्दे में शनिवार को कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा सहित पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय व पूर्व महापौर रामशरण यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के पुलिस ग्राउंड में दशहरा उत्सव रावण दहन कार्यक्रम वर्षों से आयोजित किया जा रहा है जिसमें शहर के विधायक मुख्य अतिथि होते हैं। लेकिन इस बार नगर निगम द्वारा साइंस कालेज मैदान में रावण दहन के लिए लगभग 20 लाख रुपए का निविदा निकालकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जबकि कार्यक्रम में मुश्किल से 4 लाख रुपए खर्च आता है। उनका कहना है कि साइंस कालेज मैदान में रावण दहन कार्यक्रम और टेंडर को लेकर महापौर पूजा विधानी को जानकारी नहीं है तो क्या बिना एमआईसी प्रस्ताव के यह कार्यक्रम किसके कहने पर किया जा रहा है। शहर अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा का कहना है कि साइंस कालेज में पूर्व से ही दूसरी समिति आयोजन करते आ रहीं है तो वहां नगर पालिक निगम क्यों दखल देना चाहती है। सुद्धांशु का कहना है कि कांग्रेस कमेटी साइंस कालेज मैदान में रावण दहन का संपूर्ण खर्च उठाने को तैयार है निगम पैसे को जनहित में लगाए। यदि इस तरह का आयोजन करना है तो नगर निगम में आने वाले सभी विधानसभाओं में भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन करें।

6 लाख से अधिक प्लाट्स का अब तक हो चुका सर्वे

पटवारियों ने हाथ खींचा तो अब प्राइवेट सर्वेयर कर रहे गिरदावरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खरीफ फसल के गिरदावरी कार्य से पटवारियों ने हाथ खींच लिया है और राजस्व निरीक्षकों ने पटवारियों के विरोध को अपना समर्थन दिया है। इसलिए प्राईवेट सर्वेयरों से गिरदावरी तहत फसल सर्वे का काम कराया जा रहा है और अभी तक 6 लाख से अधिक प्लाट्स का सर्वे भी हो गया है।

राज्य शासन की ओर से खरीफ फसल के गिरदावरी का कार्य पूरा करने 10 अक्टूबर तक मोहलत दी गई है। अगर उक्त अवधि तक गिरदावरी का कार्य पूर्ण नहीं हो पाएगा तो सर्वे के लिए कुछ दिनों का समय और दिए जाने की संभावना है। गिरदावरी तहत फसलों के सर्वेक्षण का काम वर्तमान में चल रहा है। गिरदावरी एक तरह से भू राजस्व दस्तावेज होता है, जिसे पटवारी द्वारा तैयार किया जाता है। इसमें किसी खेत में बोई गई फसल, भूमि का मालिक और भूमि का उपयोग दर्ज किया जाता है। यह रिकार्ड फसल बीमा, सरकारी योजनाएं और राजस्व

- कुल 9 लाख 74 हजार 563 प्लाट्स का होना है सर्वे

निर्धारण के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। गिरदावरी में भूमि का उपयोग जैसे जमीन पर कौन सी खेती की जा रही है। फसल का विवरण खेत में कौन सी फसल बोई गई है। भूमि मालिक कौन है और खसरा नंबर तथा सिंचाई का माध्यम आदि जानकारी ली जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए गिरदावरी जरूरी है। सरकार को भू-राजस्व निर्धारित करने के लिए इस रिकार्ड की जरूरत होती है। किसानों द्वारा बोई गई फसलों का सही विवरण दर्ज होने से प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आती है। पिछले वर्ष से गिरदावरी तहत फसल सर्वेक्षण का कार्य मोबाइल के माध्यम से डिजीटल कराया जा रहा है। लेकिन इस बार पटवारियों ने डिजिटल सर्वेक्षण कार्य करने से इनकार कर दिया और राजस्व निरीक्षकों ने भी पटवारियों के विरोध को अपना समर्थन दिया है, इसलिए इस बार फसल सर्वेक्षण का काम प्राईवेट सर्वेयरों के माध्यम से कराया जा रहा है। बिलासपुर जिले में कुल 9 लाख 74 हजार 563 प्लाट्स का सर्वे करना है, जिसमें से अब तक 6 लाख 57 हजार 107 प्लाट्स का सर्वे होना बताया जा रहा है जबकि सर्वे पश्चात 5 लाख 66 हजार 205 प्लाट्स का सर्वे एप्रुव्ड भी हो गया है।

फसलों का मोबाइल के जरिए डिजिटल सर्वे

गिरदावरी तहत मोबाइल फोन के माध्यम से डिजिटल फसल सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसके लिए गांवों में प्राईवेट सर्वेयर मौके पर खेतों पर जाकर अपने मोबाईल फोन के जरिए एप में जानकारी अपलोड कर रहे हैं। प्रत्येक सर्वेयरों को 40-50 प्लाटस का प्रतिदिन सर्वे करना है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य में लगे प्राईवेट सर्वेयरों को प्रत्येक सर्वे के लिए एप के माध्यम से सही सर्वेक्षण अपलोड करने और स्वीकृत हो जाने की दशा में 10 रुपए प्रति प्लाट्स मानदेय के रूप में दिया जाएगा।

एयरलाइन्स कंपनी के पास विमान का टोटा, उड़ान रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलायंस कंपनी के मनमाने रवैये और अनियमितता के कारण बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से उड़ने वाले विमान का शेड्यूल प्रभावित हो रहा है। विमानों के मेंटनेंस पर जाने के बाद रविवार की दो फ्लाइट रद्द कर दी गई है। ऐसे में यात्रियों को प्रयागराज से बिलासपुर और बिलासपुर से सीधे दिल्ली जाने वाले फ्लाइट रविवार को संचालित नहीं की जाएगी।

दरअसल अलाइंस एयर के अधिकांश विमान मेंटेनेंस में जा चुके हैं, जिससे एक बार फिर शहर को नुकसान उठाना पड़ रहा है। रविवार को दिल्ली से प्रयागराज होकर बिलासपुर व बिलासपुर से सीधे दिल्ली की उड़ान रद्द कर दी गई है। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली फ्लाइटों में लगातार परिवर्तन किया जा रहा है। साथ ही ऐन समय पर फ्लाइट रद्द की जा रही है, जिसका खामियाजा एयरपोर्ट को भुगतना पड़ रहा है। फ्लाइट में अनियमिता होने के कारण यात्रियों को मोह भंग होने लगा है। जिसके चलते यात्रियों की संख्या में कमी आ रही है। इससे हवाई सुविधा को धक्का लग रहा है। बताया जा रहा है कि अलाइंस एयर कंपनी के पास 20 एटीआर विमान है लेकिन अधिकांश मेंटेनेंस में खड़े रहते हैं।

- अनियमित उड़ानों से यात्रियों का मोह भंग

3 माह से खड़ा है विमान

3 माह से टायर फटने के कारण अलायंस एयर का विमान एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। इस विमान का मेंटेनेंस और मरम्मत तक कंपनी नहीं करा सकी है। जिससे कंपनी की पॉलिस का अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल आरसीएस योजना के तहत अलायंस एयर के भरोसे ही बिलासपुर से हवाई उड़ानों संचालित हो रही है, लेकिन यह पूरी तरह से अनियमित समय सारणी पर चल रही है। यही कारण है कि ओपन टेंडर के माध्यम से अन्य कंपनियों को उड़ान सेवा का जिम्मा दिया जाना चाहिए।

समिति ने लगाया आरोप

हवाई सेवा जनसंघर्ष समिति ने कहा कि वित्त और विमानन विभाग के अधिकारी आखिर क्यों ओपन टेंडर नहीं कर रही है। रायपुर- बिलासपुर के बीच जारी पारंपरिक प्रतिस्पर्धा के कारण राज्य सरकार के अधिकारी निर्णय नहीं रहे है।

नवविवाहिता की मौत पर संदेह, जांच की मांग

बिलासपुर। नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मायके पक्ष ने हत्या कर फांसी का रूप देने व प्रताड़ना का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, पेंड्रा निवासी रोजी उर्फ नफीसा 20 साल की शादी 6 माह पूर्व सरकण्डा अशोकनगर निवासी फरहान खान से हुई थी। फरहान कार शोरूम में काम करता है और उसके पिता अयूब खान सरकण्डा थाने में प्राइवेट गाड़ी चलाता है। शुक्रवार को फरहान लुतरा उर्स में शामिल होने गया था। शनिवार की सुबह फरहान घर आया और ड्यूटी जाने के लिए तैयार होने लगा। उनकी पत्नी रोजी ने उन्हें ड्यूटी जाने से मना किया। इसे लेकर पति पत्नी के बीच कहा सुनी होने लगी। फरहान ड्यूटी जाने घर से निकल गया। उसके पिता अयूब खान गाड़ी चलाने सरकण्डा थाने चले गए थे। पति के जाने के बाद रोजी उर्फ नफीसा ने अपने कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी पर लटक गई। सास ने दरवाजा अंदर से बंद होने पर झांककर देखा तो रोजी फंदे पर लटके नजर आई। उनकी सूचना पर पिता पुत्र घर आए और किसी तरह दरवाजा खोलकर रोजी को फंदा से नीचे उतारा और उसे इलाज के लिए मार्क हास्पिटल ले गए। स्थिति गंभीर होने पर परिजन सिम्स लेकर गए, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शनिवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया।

कमरे में खून के धब्बे, हत्या का आरोप



मायके पक्ष ने आरोप लगाया है वे सूचना पर रोजी के ससुराल गए तो रोजी के कमरे में खून के धब्बे मिले थे। मायके पक्ष ने पुलिस से शिकायत की है हत्या के बाद फांसी का रूप दिया जा रहा है। शादी के बाद से ससुरालवाले रोजी के साथ घरेलू हिंसा कर प्रताड़ित कर रहे थे। रोजी के पति की दूसरी मां आए दिन प्रताड़ित कर रही थी। घटना के समय घर में केवल सास बहू थी।

मायके पक्ष ने लगाया आरोप

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। मायके पक्ष वाले हत्या कर फांसी का रूप देने व शादी के बाद प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है।

-प्रदीप आर्या, सरकण्डा टीआई

दुकान से चोरी करने वाले दो कर्मचारी गिरफ्तार

बिलासपुर। मोबाइल दुकान से सामान चोरी करने वाले दो कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का सामान जब्त कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, राजीव प्लाजा स्थित निरंकार चंद्रमलघानी मोबाइल रिपेयरिंग व पार्ट्स की दुकान चलाते हैं। वे अपने पिता का इलाज कराने के लिए बाहर गए थे। इसी दौरान उनके कर्मचारी ने दुकान से 15 से 20 बाक्स मोबाइल का सामान चोरी कर लिया था। उन्होंने बाहर से आकर दुकान का स्टाक देखा तो उन्हें चोरी की जानकारी मिली। उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराकर कर्मचारियों पर चोरी करने का संदेह जाहिर किया। पुलिस ने कर्मचारी नितेश गुप्ता उर्फ मोनू पिता लक्ष्मीकांत गुप्ता 27 साल यदुनंदन नगर, सचिन श्रीवास उर्फ तरूण पिता लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास 19 साल बंधवापारा सरकण्डा निवासी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान जब्त कर लिया है।

गर्भवती पत्नी से मारपीट, पेट में बच्चे की मौत, पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

बिलासपुर। चरित्रशंका पर पति ने गर्भवती पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी। जिससे पेट में बच्चे की मौत हो गई। गंभीर रूप से पीड़ित महिला को इलाज के लिए रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हिर्री पुलिस के अनुसार, बोड़सरा निवासी सभ्या कौशिक पति आशीष कौशिक की 3 साल पहले शादी हुई थी। सभ्या 4 माह से गर्भवती थी। 30 सितंबर को आशीष कौशिक ने चरित्रशंका पर पत्नी के साथ जमकर मारपीट कर दी और लात से कई बार पेट में मारा। जिससे महिला की स्थिति खराब हो गई। उसके बाद पति ने उसे इलाज के लिए सिविल लाइन क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने परीक्षण कर बताया, पेट में बच्चे की मौत हो गई है। उसके बाद महिला की स्थित अत्याधिक खराब होने पर पति ने उसे रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहा है। पुलिस ने पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 92 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

किशोरी ने की खुदकुशी युवक पर जुर्म दर्ज

बिलासपुर। छेड़खानी से परेशान होकर एक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोटा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी को स्कूल आते जाते समय चंगोरी लखोदना निवासी चिनु उर्फ वरूण गंधर्व पिता सुखीराम गंधर्व पर छेड़खानी कर परेशान करता था। 20 जून 2026 को चिनु ने किशोरी से मोबाइल से बात कर घरवालों की अनुपस्थिति में घर में घुसकर डरा धमका कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। जिससे परेशान होकर किशोरी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच के बाद युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 107, व पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।









खबर संक्षेप

गोपल कृष्ण बने छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के जिलाध्यक्ष

गौरेला। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन (सम्मेलन) ने संगठन विस्तार करते हुए गोपाल कृष्ण अग्रवाल,



पिता - फकीरचंद अग्रवाल, समता नगर को गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल की अनुशंसा पर आगामी आदेश तक अथवा फरवरी-मार्च 2028 में प्रस्तावित नवीन प्रांतीय नेतृत्व के चयन तक के कार्यकाल के लिए की गई है। उनका कार्यक्षेत्र संपूर्ण जीपीएम जिला रहेगा।

आंगनबाड़ी केंद्र रहगी में मनाया आंगन मिलन कार्यक्रम



लोरमी। आंगनबाड़ी केंद्र रहगी में आंगन मिलन कार्यक्रम में गांव की महिला, किशोरी बालिका एवं छोटे-छोटे बच्चे द्वारा मटकी फोड मेहंदी प्रतियोगिता में सुवा गीत हिस्सा लिया। पोषित माताओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अंजना देवी वैष्णव महिला मोर्चा अध्यक्ष, पूजा गुप्ता, अनीता साहू मधु सेन, गुड्डी खत्री, सुपरवाइजर मयांका उपाध्याय, सरपंच रुक्मणि पोर्ते, संध्या साहू, रेखा यादव, द्रौपदी साहू, कंचन, लता पांडे, राजेश्वरी यादव, मंजीता साहू, मीना, गंगोत्री, सरोजिनी साहू, रोहित शर्मा, सिद्ध राम साहू, सालिक राम साहू, भोला राम साहू, रामावतार साहू, बाल मुकुंद साहू, बिसराम साहू, भागवत पात्रे, श्याममुकुंद साहू एवं आभार व्यक्त रेखा यादव ने किया।

आंगन मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रितिनिधि



सेतगंगा/मुंगेली। सेवा संकल्प के आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में ग्राम पण्डोतरा आंगनबाडी में उपस्थित सिंगारपुर पंचायत सरपंच रायसिंग गबेल, सचिव कोमल दिवाकर, मुख्य अतिथि भाजपा मंडल सेतगंगा सोशल मीडिया संयोजक महेन्द्र कुमार गबेल, मनोहर यादव, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा महामंत्री ललित कोशले, रामकुमार गबेल, बिहारी गबेल, सनत, भुरेलाल सभी सिंगापुर पंचायत के आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, सहायिका, मितान, आशा दीदी, लखपती दीदी और ग्राम के माता–बहन, किशोरी बालिका, बच्चे उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सभापति भारती आंगन मिलन कार्यक्रम में हुई शामिल



तखतपुर। भारती सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गनियारी जिला पंचायत सभापति भारती माली ने आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम में शामिल हुई। संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति भारती माली ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अभिभावकों से योजनाओं का लाभ उठाने और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जागरूक रहने का आहवान किया। इस आंगन मिलन सेवा के तहत सेक्टर गनियारी के केन्द्र में बहुत ही हर्षोलास के साथ मनाया गया जिसमें सरस्वती पूजा, न्योता भोजन, अन्नप्राशन, गोदभराई, मुनगापेड़, सम्मान समारोह, जैसे कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर सुशीला साहू, विद्या यादव, प्रतिभा यादव, डॉ मंजूषा, उपसरपंच नवीन गुप्ता पंच और जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका दीदी, मितानिन एवं हितग्राही तथा आंगनवाड़ी के बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठजन दिवस पर वर्षा ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



लोरमी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उनके जीवन अनुभवों, योगदान और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि बुजुर्ग परिवार की नींव और अनुभवों की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके जीवन के अनुभव नई पीढ़ी को संस्कार, मार्गदर्शन और जीवन मूल्यों की सीख देते हैं। बढ़ती उम्र में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान, अपनापन और साथ की आवश्यकता होती है। उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार और गरिमापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना परिवार एवं समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कन्या हाईस्कूल पथरिया की छात्राओं को मिली सायकलें

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानवीय बौद्धिक क्षमताओं को दे रहा नवीन आयाम: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर के कन्या हाईस्कूल मैदान में सायकल वितरण एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं से संवाद करने शुक्रवार को विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मेरे सपनों का विकसित भारत विषय पर भाषण एवम चित्रकारी के माध्यम से विचार आमंत्रित हुए।

आयोजन के मुख्यातिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक रहे एवं अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने की। अतिथियों के द्वारा भारत माता एवम मा सरस्वती के पूजा अर्चना के उपरांत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिला शिक्षा अधिकारी एम एल पटेल ने स्वागत भाषण में बिभाग के द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम की जानकारी दिए। उसके बाद मुख्य अतिथि श्री कौशिक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि दो हजार सौतलिश तक विकसित भारत का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है जिसमे हम सब को अपनी अपनी भागीदारी तय करनी है उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत होगा। भाजपा की केंद्र सरकार देश को सामरिक , आर्थिक, और वैश्विक ताकत के रूप में स्थापित कर रही है । आज चित्रकला और भाषण के माध्यम से मेरे सपनों का विकसित भारत के बारे में विद्यार्थियों ने विचार व्यक्त किया है जो प्रसंशनीय है । उनके द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर प्रोत्सहित किया गया कुल 96 बालक बालिका पुरष्कृत हुए । विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा मण्डलोई ने आभार व्यक्त किया ।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज की मांग

विद्यार्थियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि मानव जीवन के विभिन्न जटिलताओं को आसान करने और मानव के बौद्धिक क्षमताओं को नवीन उचाई देने वाला तकनीक है लेकिन इसका उपयोग हमे अपनी क्षमता के विस्तार के लिये करना होगा। उन्होंने एआई को आज की मांग बताया और विद्यार्थियों को इस विषय पर जागरूक बनने की बात कही ।

विवेकानंद की किताब से स्वागत

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्वामी विवेकानंद की योग समन्धित किताब से स्वगात किया गया जिस पर धरमलाल कौशिक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओ के आइकन है उन्होंने कहा कि एक नरेंद्र ने आजदी के पहले शिकागो में भारतीय संस्कृति का लोहा मनवाया था आज भारतीय प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दोनों सदनों को सम्बोधित कर मेज थपथपावा कर भारतीय संस्कृति और भारत के ताकत का झंडा गाड़ दिया ।

बेटियों को मिली सायकलें

कन्या हाई स्कूल के 36 बालिकाओ को सरस्वती निशुल्क सायकल योजना अंतर्गत सायकल वितरण किया गया जहां बालिकाओ को बेहतर भविष्य के लिये मन लगाकर पढ़ने की बात कहते हुए आशीष दिया गया । कार्यक्रम में सेवा संकल्प प्रभारी रिंकू सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, अम्बालिका साहू, भाजपा नेता निश्छल गुप्ता, जसपाल छबड़ा , नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय जगदीश वर्मा, जिला महामंत्री कैलाश सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, पोषण साहू, बलराम जायसवाल , प्रमोद साहू, रितेश यादव, विधयाक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, नगर पंचायत सभापति मेला राम डनसेना, मोनिका ओमू दिवान, जनपद सभापति रिंकू सिंह, लोकेश साहू, पार्षद देवेंद्र डनसेना, गणेश सोनी, रघुनन्दन कर्माकर, राममणि पांडेय, डीएमसी अशोक सोनी, अशोक यादव, एबीईओ आर राठौर, प्राचार्य रजनीश नागेश्वर, ज्योति भारद्वाज, प्रधान पाठक गुना राम निर्मलकर, संकुल समनयक मोहित खंडे, भगवती मिश्रा मोहन लहरी, रामाधार कर्माकर, सीएसी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



घर एवं कबीर आश्रम में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर


थाना क्षेत्र में घर और आश्रम में चोरी की दो अलग-अलग वारदातों का रतनपुर पुलिस ने चंद घंटों में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर, कपड़े और नगदी सहित करीब 2 लाख 14 हजार रुपए का सामान बरामद किया है।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है पुलिस के मुताबिक ढोलपारा निवासी बलराम बरगाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात में घर में अकेले सोया था। सुबह उठने पर घर का दरवाजा खुला मिला। घर की पेटी में रखे चांदी के लच्छे, ब्रेसलेट, चांदी की चेन, चूड़ा, सोने का मंगलसूत्र, फुल्ली, टॉप और करीब 10-12 साड़ियां गायब थीं। चोरी गए सामान की कीमत करीब 1 लाख 60 हजार रुपए बताई गई। वही दूसरी वारदात सद्गुरु कबीर आश्रम में हुई। आश्रम के प्रेमदास शास्त्री ने पुलिस को बताया कि कमरे का ताला तोड़कर करीब 500 ग्राम वजनी चांदी का छत्र चोरी कर लिया गया। इसकी कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई। दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश पाण्डेय ने आरोपियों की पतासाजी के लिए टीम गठित की। पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति सोने-चांदी के सामान को औने-पौने दाम में बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने दोनों संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने ढोलपारा स्थित बलराम बरगाह के घर और सद्गुरु कबीर आश्रम में चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर, कपड़े और नगदी बरामद कर लिया। पुलिस ने रामकुमार केंवट (35), निवासी ढोलपारा करैहापारा रतनपुर और जोतराम केंवट (28), निवासी खाल्हेपारा, करैहापारा को गिरफ्तार किया है।

5 दिनों से अंधरे में डूबा पथरिया विकासखण्ड का बमुरहाडीह गांव

पथरिया। विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भटगांव के आश्रित ग्राम बमुरहाडीह पिछले 5 दिनों से अंधरे में डूबा हुआ है। ग्राम बमुरहाडीह में बंधवा तालाब के समीप लगे 63 केवी ट्रांसफार्मर पिछले 5 दिनों से खराब है, जिससे ग्रामवासियों के दैनिक दिनचर्या में काफी प्रभाव पड़ रहा है। बिजली विभाग आँख मूंद कर सोया हुआ है। गाँव वाले लगातार विभाग से ट्रांसफार्मर लगाने के लिए गुहार लगा रहे है।

ग्रामीण बताते है कि पिछले 06 महीनों से वो ट्रांसफार्मर 3 बार खराब हो गया है और ले दे कर चल रहा था। जो बीते 5 दिन पहले खराब हो गया जिससे जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, अधिकारी को फोन लगाओ तो ट्रांसफार्मर नही है, गाड़ी नही है कि बात करते रहते है और गोल मोल जवाब देते है, जिस पर ग्रामीण बहुत ज्यादा आक्रोशित हो गए है और अब उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कर रहे है। बिजली नही होने से पीने के पानी के लिए बहुत बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ट्यूबवेल तो है लेकिन लाइट नही होने के वजह से नही चल पा रहा है, जिससे पानी पीने, नहाने, और खाना बनाने के लिए समस्या हो रही है। वही बरसात के मौसम व अंधेरे जहरीली जीव जंतुओं का भी खतरा बना हुआ है, ग्रामीण तो दिन में खेती किसानी और अपना दैनिक कार्य कर दिन बिता देते है लेकिन शाम होते होते उनको घर जाने पर अंधेरा मिल रहा है। और गर्मी में छतों पर सोने को मजबूर है।



गांव में ऐसे भी उपभोक्ता जो बिजली का बिल नही पटा रहे है:

बिजली विभाग के अधिकारी बताते है कि ग्राम बमुरहाडीह में ऐसे लोग भी है जो कई-कई वर्षों से बिजली बिल की राशि का भुकतान नही किए है और लगातार कहने पर भी शुल्क जमा नही कर रहे है। ऐसे में जो बिजली बिल की राशि का भुकतान करने वाले ग्रामीणों का कहना है कि जिन लोग ऐसा कर रहे उनका कनेक्शन काटा जाए लेकिन बिजली पूरी दे।

ट्रांसफार्मर की कमी

पिछले कई दिनों से विभाग के पास ट्रांसफार्मर की कमी है जिससे ग्राम बमुरहाडीह में ट्रांसफार्मर नही लग पा रहा है। सोमवार तक ट्रांसफार्मर लगाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए हम प्रयासरत है।

-नंद किशोर सोनी, ईई मुंगेली

नाबालिग को नशीला इंजेक्शन लगाकर सामूहिक दुष्कर्म

जरहागांव। थाना क्षेत्र के बरेला में नाबालिग नशीला इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पहले नाबालिग के साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। धमकी से भयभीत बालिका घर लौटने के बजाय अन्य स्थान पर चली गई। लौटने के बाद दोनों आरोपियों ने उसे जबरन बाइक पर बैठाया और गांव के एक मकान में ले गए। उक्त स्थान पर बालिका को नशीला इंजेक्शन लगाया, जिससे वह बेहोश हो गई, उसके बाद आरोपियों ने उसका सामूहिक दैहिक शोषण किया। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए जरहागांव थाने में तत्काल शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3), 137(2), 65(1), 70(2), 3(5) तथा पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत अपराध कायम कर विवेचना प्रारंभ की। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर साहिल यादव, पिता राजू यादव, उम्र 19 वर्ष तथा प्रहलाद धुरी, पिता सुरेश कुमार धुरी, उम्र 30 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सामने आए तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को 2 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।



विवेचना अभी जारी

प्रकरण की विवेचना अभी जारी है। उपलब्ध साक्ष्यों, पीड़िता के कथन और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

-दिव्यकांत पांडेय, थाना प्रभारी, जरहागांव

महिलाओं ने महालक्ष्मी की पूजा अर्चना कर की समृद्धि की कामना



तखतपुर। सिंधी समाज की महिलाओं ने घर के साथ ही झूलेलाल मंदिर में सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर महालक्ष्मी पर्व धूमधाम से मनाया। पूज्य सिंधी पंचायत की वरिष्ठ सरस्वती तोलानी ने बताया कि सिंधी समाज की महिलाओं ने महालक्ष्मी पर्व मनाकर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। 16वें दिन बुधवार को आस्था के साथ पूजा-अर्चना की गई। घर में बनाई गई मीठी रोटी या व्यंजन में सगडा लपेटकर महालक्ष्मी माता की कथा सुनकर पूजा-अर्चना की जाती है। पर्व के पूर्व समाज के प्रत्येक घर में पकवान बनाकर मां महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर धन-धान्य समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर सिंधी समाज की वरिष्ठ महिलाएं सरस्वती तोलानी, पदमा टेकवानी, सविता तोलानी, सोनी सचदेव, आशा सचदेव, मधु होतचंदानी, शारदा चांदवानी, कविता सचदेव, संगीता तोलानी, साक्षी तोलानी, सरला कारड़ा, साधना गागवानी चाहत तोलानी, जया, कविता मंदानी, सौम्या मंदानी, माही तोलानी, मीना तोलानी, पूजा नत्थानी, आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर



तखतपुर। जिला कांग्रेस कमेटी निर्देश पर तखतपुर नगर में दोनों मंडल कांग्रेस कमेटी बैठक आहूत की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की सबसे महत्वपूर्ण और मजबूत इकाई बूथ है। जो पार्टी की रीति नीति को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जितने भी पदाधिकारी है वे केवल पद पाकर बैठे न रहे बल्कि और ज्यादा परिश्रम करें तथा संगठन को मजबूत करने में जुट जाए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव आत्मजीत सिंह मक्कड़, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह ठाकुर, सचिव राकेश कुमार, नगर अध्यक्ष शैलेन्द्र निर्मलकर, मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र राज सूर्यवंशी, दिनेश देवांगन, उपाध्यक्ष, उमेश राजपूत, आवेश जान, शहजादा खान, राजेश बंजारे, महामंत्री राजू ठाकुर, दीपक ठाकुर, न पा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अजय देवांगन, सभापति सुनील जांगड़े, अभिषेक पाण्डे, बबलू गुप्ता, राजवीर हुरा, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, रमन हुरा वार्ड अध्यक्ष, तुषार बंजारे विजय कुम्भकार, ओमप्रकाश देवांगन, सुरेश पटेल, कुलदीप पटेल, संदीप सूर्यवंशी, संतोष ठाकुर सभी सहित अन्य उपस्थित रहे।

500 रुपए के लिए वृद्धा की हत्या पुलिस ने सुलझाई कत्ल की गुत्थी

पथरिया। ग्राम उमरिया में 26-27 सितंबर की दरम्यानी रात वृद्ध महिला सोनकलिया बाई डहरिया की गला रेतकर हत्या के मामले का पथरिया पुलिस ने छह दिन के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार, हत्या गांव के ही एक विधि से संघर्षरत बालक ने की। उसने कथित तौर पर अपना गिरवी रखा मोबाइल छुड़ाने के लिए मृतिका से 500 रुपये मांगे थे। रुपये नहीं देने पर गुस्से में आकर हंसिया से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, 27 सितंबर को मृतिका की भांजी दिव्या भारती ने चौकी साकेत में अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के साथ फॉरेंसिक, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच आगे बढ़ाई। पूछताछ और पतासाजी के दौरान पुलिस को गांव के ही एक विधि से संघर्षरत बालक के संबंध में जानकारी मिली।

महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

तखतपुर। बेटे से मारपीट करने वाले आरोपीयों से बीच बचाव करने गई महिला के साथ भी मारपीट की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार सांवाडबरा निवासी दुर्गा यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 सितम्बर को सुबह 7 बजे उसका पुत्र दवाई छिड़कने खेत गया हुआ था और जब वापस आ रहा था तभी नानू जायसवाल उर्फ युगल उसके बच्चें के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहा था और जब बीच बचाव की तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

परिचय सम्मेलन व विचार गोष्ठी का किया गया आयोजन

स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था द्वारा सेनानियों के परिवार के सदस्यों के लिए परिचय सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन सियान सदन में किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, गरियाबंद, बेमेतरा, कबीरधाम एवं मुंगेली जिले से लगभग 150 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के उपस्थितजनों का अभिनंदन किया गया।

सेनानी परिवार के सदस्यों द्वारा पुराना बस स्टेंड स्थित गांधी प्रतिमा में माल्यार्पण कर सेनानियों के नाम स्थापित कीर्ति स्तंभ व शिलालेख पट्टिका के समक्ष 41 मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजली अर्पित किया गया।



राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र गीत वंदे मातरम व राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष शरद ताम्रकार ने किया। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं राजमहंत सांवला राम डाहरे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश बाजपेयी, जिलाध्यक्ष भाजपा दीनानाथ केशरवानी, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीकांत पांडेय, अध्यक्ष जनपद पंचायत ठा. रामकमल सिंह एवं अध्यक्ष न.पा.परिषद रोहित शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। चंद्रप्रकाश बाजपेयी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जाति, धर्म, सम्प्रदाय व राजनैतिक पार्टियों से ऊपर थे। उनके योगदान को चिरस्थायी बनाया जाए। पूर्व विधायक एवं सत्यदीप आभा, राजमहंत सांवलाराम डाहरे ने बताया कि राष्ट्रीय आंदोलन में करोड़ो लोगों ने भाग लिया किन्तु सेनानी के रूप में किसे चिन्हांकित किया गया इसका समाधान राष्ट्रीय आंदोलन के ग्रंथों से ज्ञात हुआ। मुख्य अतिथि पुन्नूलाल ने कहा कि श्री डाहरे ने जो संघर्ष कर सेनानियों के जीवन गाथा को किताबों में उकेरा है बहुत बड़ी बात है। सेनानियों के सचित्र जीवनगाथा से परिपूर्ण स्मारक बने ऐसा मेरा पूर्ण प्रयास रहेगा।

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को दी श्रद्धांजलि



बिल्हा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पंचायत बिल्हा के गांधी चौक स्थित गांधी जी की मूर्ति माल्यार्पण कर दोनों महान सपूतों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने नमन करते हुए कहा की दोनों महान सपूतो के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। महात्मा गाँधी जी ने सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजाद कराया एवं लाल बहादुर शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया ब्लॉक अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने महात्मा गाँधी जी के किए गए आंदोलनों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अंकुश सिंह, घनश्याम डहरिया, लाला यादव ने भी विचार रखें, इस अवसर पर वीरेंद्र कौशिक,आत्माराम गिदवा नी सरस्वती डहरिया, अमृत कोसले राजू ध्रुव, धर्मेंद्र फरवी, सुखनाथ सूर्या,अनिल निर्मलकर, किरण गोस्वामी, राजा वर्मा राज बनवारे सीता राम अग्रवाल संगीता यादव, कान्हा शर्मा, सत्तू ठाकर नरेश सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।